# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



# भाजपा के पांच नेता टिकट पाने शिंदे सेना और अजित गुट में शामिल

## इस घटनाक्रम को मौजूदा गठबंधन के भीतर एक 'आंतरिक व्यवस्था' के रूप में देखा जा रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



टिकट पाने के लिए महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति के पांच बीजेपी नेताओं ने महायुति के दूसरे सहयोगियों का दामन थाम लिया है, जबकि गठबंधन के सीट बंटवारे के समझौते की 'पवित्रता' बरकरार रखी गई है। ऐसे बदलावों के विश्लेषण से पता चलता है कि भाजपा के सहयोगी दलों में शामिल होने वाले इन सभी दलबदलुओं को 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए टिकट आवंटित किए गए हैं। ये उम्मीदवार या तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना या फिर अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए हैं। इस घटनाक्रम को मौजूदा गठबंधन के भीतर एक 'आंतरिक व्यवस्था' के रूप में देखा जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक साझेदार को आवंटित सीटों की संख्या का उल्लंघन किए बिना सबसे मजबूत उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाए। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र भाजपा के नीलेश राणे इस सप्ताह की शुरुआत में शिंदे सेना में शामिल हो गए और कुडाल-सावंतवाड़ी विधानसभा सीट से इसके टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। यह सीट शिवसेना को आवंटित की गई थी।

### चार अन्य भाजपा नेता एनसीपी में शामिल

चार अन्य भाजपा नेता एनसीपी में शामिल हो गए हैं और अपनी आवंटित सीटों से चुनाव लड़ेंगे। शुक्रवार को सांगली से दो भाजपा नेता पूर्व सांसद संजयकाका पाटिल और जिला भाजपा अध्यक्ष निशिकांत भोसले पाटिल मुंबई में पार्टी प्रमुख अजित पवार और राज्य पार्टी अध्यक्ष सुनील तटकरे की मौजूदगी में एनसीपी में शामिल हो गए। उनके शामिल होने के तुरंत बाद, एनसीपी ने उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया – इस्लामपुर विधानसभा सीट से निशिकांत और तासगांव निर्वाचन क्षेत्र से संजयकाका। संजय काका शरद पवार की पार्टी एनसीपी (सपा) के रोहित पाटिल के खिलाफ मैदान में हैं। रोहित एनसीपी के दिवंगत नेता आरआर पाटिल के बेटे हैं और पहली बार चुनावी मैदान में हैं। निशिकांत का मुकाबला एनसीपी (सपा) के मौजूदा विधायक और प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल से है।

### लोहा से लोहा लेंगे पाटिल


शुक्रवार को नांदेड़ जिले के भाजपा नेता प्रतापराव पाटिल चिखलीकर भी राकांपा में शामिल हो गए और लोहा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। नांदेड़ के पूर्व सांसद लोहा से दो बार विधायक रह चुके हैं। बुधवार को भाजपा के राज बडोले, जो राज्य के पूर्व मंत्री हैं, वो राकांपा में शामिल हो गए। वह अर्जुनी-मोरगांव विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं, जिसका उन्होंने दो बार प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन 2019 के चुनावों में हार गए।

### अगर 'वे' हमें गठबंधन में नहीं रखना चाहते हैं तो चुनाव लड़ेंगे : अखिलेश



महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी ने महाविकास अघाड़ी में अपने लिए पांच सीटों की डिमांड की थी, लेकिन उनमें से तीन सीटों पर कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। इसको लेकर जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति में त्याग के लिए कोई जगह नहीं है। हमारी पहली कोशिश होगी कि हम गठबंधन में बने रहेंगे, अगर वे (अघाड़ी) हमें गठबंधन में नहीं रखना चाहते हैं तो हम वहीं चुनाव लड़ेंगे, जहां हमारी पार्टी को वोट मिलेंगे या फिर संगठन पहले से काम कर रहा है ताकि गठबंधन को नुकसान न हो। सपा अध्यक्ष की ये टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब कांग्रेस-शिवसेना (यूबीटी) की ओर से सपा की प्रदेश इकाई की मांगों को इग्नोर किया गया।

## देश में बढ़ा प्रदूषण 11 शहरों का एक्यूआई 300 पार



**नई दिल्ली।** दीपावली से 4 दिन पहले ही देशभर में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। एक्यूआई.in के मुताबिक रविवार सुबह 10 बजे तक देश के 11 शहरों का एक्यूआई लेवल 300 के पार रिकॉर्ड किया गया। इनमें भिवाड़ी, दिल्ली, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, जयपुर, बुलंदशहर, अमृतसर, अलीगढ़, सोनीपत और फरीदाबाद का नाम शामिल है।

राजस्थान का भिवाड़ी 610 एक्यूआई के साथ सबसे खतरनाक हाल में था। वहीं दिल्ली भी गैस चेंबर बन गई है, यहां रविवार सुबह आनंद विहार में 400 पार एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। आगरा में भी प्रदूषण और धुंध के चलते ताजमहल धुंधला नजर आया। वहीं मुंबई के मरीन ड्राइव में भी सुबह स्मॉग की लेयर देखी गई। 27 अक्टूबर को देश के 5 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर, भिवाड़ी 610, दिल्ली 367, मेरठ 362, गाजियाबाद 361 व नोएडा 327 रहे।

# उत्तरी गाजा में इजरायल ने फिर बरसाए बम, 22 लोगों की मौत

### उत्तरी शहर बेत लाहिया को बनाया गया निशाना

एजेंसी ▶▶| दीर अल-बला (फलस्तीन)

उत्तरी गाजा पर इजरायली सेना ने एक और भीषण हमला किया है। इन हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। फिलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में इजरायली सेना ने यह हमला शनिवार देर रात किया। इस हमले 11 महिलाएं और दो बच्चे भी मारे गए हैं। बता दें कि इजरायल गाजा और लेबनान पर लगातार मिसाइल और जमीनी हमले कर रहा है। इस बीच ईरान ने गाजा और लेबनान में संघर्ष विराम की मांग उठाई है।

### ईरान ने मांगा संघर्ष विराम, तनाव कम करने का रास्ता तलाश रहा



### हमले के बाद ईरानी सेना ने जारी किया बयान

ईरान की सेना ने बयान जारी किया जिसमें गाजा पट्टी और लेबनान में संघर्ष विराम का सुझाव दिया गया। इस संबंध में ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उसे इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है, लेकिन बयान से ऐसे संकेत मिलते हैं कि तेहरान शनिवार तड़के हुए इजरायल के हमले के बाद तनाव को और बढ़ने से रोकने का रास्ता तलाशने की कोशिश कर रहा है। ईरान की सेना ने कहा कि इजरायल ने हमलों में इराकी हवाई क्षेत्र से तथाकथित "स्टैंड-ऑफ' मिसाइलों का इस्तेमाल किया और ईरान के तीन प्रांतों में लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए ये हथियार बहुत हल्के थे। बयान में कहा गया कि ईरानी सैन्य राडार स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन कुछ की मरम्मत पहले से ही जारी थी।

### ईरान ने दी इजरायल को पलटवार की धमकी

26 अक्टूबर को इजरायल ने ईरान से बदला लेने के लिए तेहरान पर बड़े पैमाने पर हमला किया था। इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हुई है। साथ ही ईरान के बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है। इसके बाद ईरान ने इजरायल से दोबारा इस हमले का बदला लेने की कसम खाई है।

### ईरान पर हमले से सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं : नेतन्याहू



*तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजराइल के हमलों से ईरान को 'गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है' और इस हमले से 'उसके सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं।' इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर हुए ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में एक दिन पहले इजराइल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।*

### इजराइल को दिखाएंगे ईरान की ताकत : खामेनेई



*दीर अल-बला (गाजा पट्टी)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि ईरान के संबंध में यहूदी (इजरायल) गलत अनुमान लगा रहे हैं, वे ईरान को नहीं जानते। वे अभी भी ईरानी लोगों की ताकत दृढ़ संकल्प को सही ढंग से नहीं समझ पाए हैं. हमें उन्हें ये बातें समझानी होंगी। खामेनेई ने रविवार को कहा कि इस सप्ताहांत ईरान पर हुए इजराइल के हमले को 'न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके बताया जाना चाहिए।*

# 'सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है'

### पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक कार्यक्रम में बोले गृहमंत्री शाह

एजेंसी ▶▶| पेट्रापोल (प. बंगाल)



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा। पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल भू पत्तन पर एक नए यात्री टर्मिनल भवन और एक 'मैत्री द्वार' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की और राज्य के लोगों से 2026 में राजनीतिक बदलाव लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है।

### 'हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे'

शाह ने कहा, मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे।' शाह ने कहा, 'घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है। ..दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।'




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



इस धनतेरस

॥ शुभ मुहूर्त आया ॥

हीरो साथ लाया

Hero GIFT

Grand Indian Festival of Trust

नई HF-Deluxe



फेस्टिव एक्स-शोरूम प्राइस°

~~₹69,068~~ ₹64,168

HF DELUXE SELF START

लिमिटेड पीरियड ऑफर्स

₹4500# तक की नकद छूट

₹12000* तक विशेष लाभ (स्कूटर्स)

कम ब्याज दर @ 0%^ (स्कूटर्स)

कम डाउन पेमेंट @ ₹1999^

DESTINI PRIME



Super Splendor XTEC



Toll Free Number: 1800 266 0018

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart amazon

~INSTANT CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK pine labs PAY LATER

Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: Institutionalsales@heromotocorp.com

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *This represents the maximum potential value achievable by combining all four schemes (i.e.GoodLife Benefit, Insurance, RSA, and Free Service) available for scooters only. Actual value may vary, offer is for a limited period only or till stock lasts. #Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Offer is for a limited period or till stock lasts. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. °Festive Ex-showroom price of HF Deluxe self including cash bouns in Raipur. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations. **Offer valid only on purchase of new Hero HF Series Two-wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase during the Campaign Period - 21st to 28th October 2024.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो, 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो, 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स, 9754069392, लवन: गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोइला: विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरूनानक ऑटो, 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरला: कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोद: नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, डरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो, 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो, 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

## चिंतन

# साइबर अपराध रोकने के लिए एक्टिव डिजिटल तंत्र चाहिए

डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का नया शगल है। भारत में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह साइबर अपराध इतना तेजी से बढ़ रहा है कि सरकार चिंतित होने लगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है और इससे निपटने के लिए देशवासियों को सतर्क रहने को कहा है। भारत वर्ष 2015 से ही डिजिटल इंडिया अभियान को प्रोत्साहित कर रहा है। नतीजा यह हुआ है कि डिजिटल शासन प्रणाली विकसित हुई है, बैंकिंग, स्टॉक मार्केट व वित्तीय सिस्टम पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था पर निर्भर है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह बनी है कि डार्क नेट की अंधेरी दुनिया भी तेजी से बड़ी होती गई। साइबर ठगी ने व्यापक बाजार का रूप ले लिया है। भारत में प्रतिदिन सात हजार से अधिक साइबर फ्रॉड के केस दर्ज किए जा रहे हैं, पर साइबर अपराधियों पर कानूनी शिकंजा की दर बेहद कम है। पीएम ने अपने मन की बात कार्यक्रम के जरिये डिजिटल अरेस्ट के प्रति लोगों को जागरूक करने की कोशिश की है कि कोई भी सरकारी एजेंसी (पुलिस, ईडी, सीबीआई, सीआईडी, कस्टम, इनकम टैक्स, नारकोटिक्स विभाग, इमिग्रेशन विभाग, पासपोर्ट ऑफिस आदि) न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। डिजिटल अरेस्ट में पीड़ित को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से 'अरेस्ट' हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपये गंवा देते हैं। वर्ष 2023 में वित्तीय साइबर धोखाधड़ी की 1,12,82,65 शिकायतें मिली थीं। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना दें। सरकार की ओर से ऐसी धोखाधड़ी करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड और बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है। व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें और फोन या वीडियो कॉल पर कभी भी संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण साझा न करें। दबाव में धन हस्तांतरित नहीं करें। यूं तो ग्लोबल साइबर सुरक्षा इंडेक्स (जीसीआई) 2024 में भारत ने शीर्ष टियर यानी टियर-1 का दर्जा प्राप्त किया है, लेकिन साइबर ठगी रोकने में कानून प्रवर्तन एजेंसियां नाकाम ही रही हैं। सरकारी स्तर पर साइबर अपराध से निपटने के लिए राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, नेशनल साइबरक्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, संयुक्त साइबर अपराध जांच दल के लिए मंच, राष्ट्रीय साइबर अपराध फोरेंसिक प्रयोगशाला पारिस्थितिकी तंत्र, राष्ट्रीय साइबर क्राइम प्रशिक्षण केंद्र, साइबर क्राइम इकोसिस्टम मैनेजमेंट यूनिट, राष्ट्रीय साइबर अनुसंधान और नवाचार केंद्र, कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) बॉटनेट शोधन और मालवेयर विश्लेषण केंद्र, राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र, रक्षा साइबर एजेंसी, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम व आईटी एक्ट आदि प्लेटफॉर्म्स होने के बावजूद डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराध से निपटना मुश्किल हो रहा है। देश में करीब आठ लाख साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर अपराध रोकने के लिए एक्टिव व रिस्पॉन्सिव डिजिटल तंत्र की जरूरत है।

# चमकीली होती सोने की चमक



धनतेरस
सतीश सिंह

मार्च 2019 से मार्च 2024 के दौरान सोने की कीमत में लगभग 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बीते कुछ सालों से सोने की कीमत निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है और त्योहारी और शादी के सीजन में इसकी कीमत में और भी तेजी आने की संभावना है। मौजूदा परिदृश्य में यह दिसंबर तक 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर जा सकता है। 1 जनवरी 2024 को 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 63,352 रुपये थी, जो अब बढ़कर 80,300 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। सिर्फ, 1 जनवरी 2024 से 18 अक्टूबर 2024 के दौरान सोने की कीमत में 16,948 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सोने की कीमत में निरंतर वृद्धि होने के कारण सितंबर महीने में वैश्विक सोने के बाजार में औसत दैनिक कारोबार का वॉल्यूम 18 लाख करोड़ रुपये हो गया था, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 13 प्रतिशत कम है। हालांकि, 2023 के औसत 13.6 लाख करोड़ रुपये रोजाना से यह 32.51 प्रतिशत अधिक है।

वैश्विक आर्थिक माहौल के नरम रहने, कुछ देशों में मंदी आने की आशंका के बने रहने, यूरोप और एशिया के कुछ देशों के बीच एक लंबे समय से भू-राजनीतिक संकट कायम रहने, अमेरिका के फेडरल रिजर्व द्वारा 18 सितंबर को नीतिगत दरों में 0.50 आधार अंकों की कटौती करने आदि के कारण निवेशकों का भरोसा डॉलर पर से उठ रहा है और लोग अधिक प्रतिफल की आशा में सोने में निवेश करना बेहतर समझ रहे हैं। भारत में एक लंबे समय से नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिसके कारण बैंक और दूसरे वित्तीय संस्थानों में जमा पर ब्याज दर कम है, जिसके कारण निवेशक अधिक प्रतिफल के लिए सोने में निवेश कर रहे हैं। सोने की कीमत में वृद्धि से इसके प्रतिफल में भी तेजी आई है। सोने में निवेश करने वालों को एक सप्ताह में 0.2 प्रतिशत, एक महीने में 0.4 प्रतिशत, 2024 में 21 प्रतिशत, एक साल में 30 प्रतिशत और 3 सालों में 62 प्रतिशत का प्रतिफल मिला है।

भारतीय मानक ब्यूरो ने 14 कैरेट, 18 कैरेट, 22 कैरेट, 23 कैरेट और 24 कैरेट से बने आभूषणों का 2022 से हॉलमार्किंग कर रखा है। अब 1 जनवरी 2025 से केंद्र सरकार आभूषण निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले गोल्ड बुलियन के लिए हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने जा रही है, जिसे चरणबद्ध तरीके से देशभर में मूर्त रूप देने की योजना है। गोल्ड बुलियन पर हॉलमार्किंग को लेकर बनी समिति ने मामले में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। गोल्ड बुलियन के लिए हॉलमार्क अनिवार्य होने के बाद आभूषणों की शुद्धता को सुनिश्चित करना संभव हो सकेगा। इससे यह भी पता चल सकेगा कि पहले और आभूषण बनने के बाद सोने की गुणवत्ता कितनी प्रभावित हुई है, जिससे निवेशकों को निवेश का बेहतर प्रतिफल मिलने में मदद मिलेगी।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार स्विटजरलैंड ने मई 2024 में दुनिया में सबसे अधिक 2461 करोड़ रुपये का सोना खरीदा, जबकि चीन ने 2,109 करोड़ रुपये का। भारत 722 करोड़ रुपये का सोना खरीदकर तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, जर्मनी ने 556 करोड़ रुपये का सोना खरीदा, दक्षिण अफ्रीका ने 459 करोड़ रुपये का, आयरलैंड ने 459 करोड़ रुपये का, जापान ने 376 करोड़ रुपये का, फ्रांस ने 247 करोड़ रुपये का और तुर्की ने 107



करोड़ रुपये का सोना खरीदा। बीते 5 वित्त वर्षों में भारत ने अपने सोने की जमा में लगभग 204 टन सोने की बढ़ोतरी की है। मार्च 2019 में 618.2 टन सोना भारतीय रिजर्व बैंक में जमा था, जो 31 मार्च 2024 को 33 प्रतिशत बढ़कर 822.1 टन हो गया, जिसमें से 408.3 टन देश में जमा था और 413.8 टन विदेश में।

मार्च 2020 में 661.4 टन सोना केंद्रीय बैंक में जमा था, जबकि मार्च 2021 में 695.3 टन सोना। वहीं, मार्च 2022 में यह 760.3 टन था एवं मार्च 2023 में 794.6 टन। सोने के भंडार के मामले में अमेरिका 8,133.46 टन सोना के साथ दुनिया में पहले स्थान पर है, जबकि जर्मनी 3,352.65 टन सोना के साथ दूसरे स्थान पर। वहीं, इटली 2451.84 टन सोना के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रांस के केंद्रीय बैंक के पास 2436.88 टन सोना जमा है और यह चौथे स्थान पर है। रूस के पास 2332.74 टन, चीन के पास 2262.45 टन, स्विटजरलैंड के पास 1040.00 टन, जापान के पास 845.97 टन, भारत के पास 822.09 टन और नीदरलैंड के पास 612.45 टन सोना जमा है तथा ये वैश्विक स्तर पर क्रमशः पांचवें, छठवें, सातवें, आठवें, नौवें और दसवें स्थान पर हैं। सोने का महत्व अतुलनीय है। यदि किसी देश की करेंसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर होती है, तो सोने का भंडार उस देश की क्रय शक्ति और उसकी आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने में मदद करता है। 1991 में जब भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में थी और उसके पास आयात करने के लिए डॉलर का पर्याप्त भंडार नहीं था तो उसने सोने को गिरवी रखकर पैसे जुटाए थे और एक गंभीर आर्थिक संकट से बाहर निकलने में सफल रहा था।

यदि किसी देश के पास पर्याप्त सोने का भंडार है तो उस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत माना जाता है। इससे इस बात का भी पता चलता है वह देश अपनी अर्थव्यवस्था प्रबंधन अच्छी तरह से कर रहा है। दूसरे देश और वैश्विक वित्तीय संस्थान भी ऐसे देश पर ज्यादा भरोसा करते हैं। इस तरह, सोने का भंडार किसी भी देश की करेंसी की कीमत का समर्थन करने के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करता है। भारत में सोने का महत्व अनादिकाल से बना हुआ है और मौजूदा परिप्रेक्ष्य और आने वाले दिनों में भी इसकी मांग में कमी आने के आसार नहीं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक और दूसरे देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की अधिक खरीददारी करने के कारण भी सोने की कीमत में इजाफा हुआ है। देश में सोने की खरीद-फरोख्त और सोने की हॉलमार्किंग करने के कारण निवेशकों का सोने में निवेश करने के प्रति भरोसा बढ़ रहा है, जिसके कारण भी सोने की कीमत में वृद्धि हो रही है। लब्बोलुबाव के रूप में कहा जा सकता है कि देश के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में निवेशकों को सोना आकर्षक प्रतिफल दे रहा है एवं वैश्विक स्तर पर प्रमुख देशों की अर्थव्यवस्था के नरम रहने, डॉलर के कमजोर होने, वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकट के बने रहने, महंगाई से पूरी तरह से राहत नहीं मिलने, सोने की मांग में लगातार इजाफ़ा होने आदि के कारण हाल-फिलहाल में सोने की कीमत कम नहीं होने वाली है। फिलहाल सोने की कीमत को बढ़ाने वाले कारकों के प्रभाव के कम होने या खत्म होने की संभावना न्यून है, इसलिए कयास लगाये जा रहे हैं कि आने वाले महीनों में भी सोने की कीमत में तेजी का रुख बना रहेगा। आभूषण के तौर पर देखें तो भौतिक विशेषताओं में सुधार के लिए सोने को आमतौर पर तांबा, चांदी और जस्ता सहित अन्य धातुओं के साथ जोड़ा जाता है। 24 कैरेट सोना रोजमर्रा पहनने के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि यह अत्यधिक नरम होता है। इसस कारण इसे इन अन्य धातुओं के साथ मिश्रित करके 22 कैरेट का उत्पादन किया जाता है। 18 कैरेट, या 14 कैरेट सोना, आभूषण के सामान में सोने को सबसे अधिक पसंद किया जाता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

भारतीय मानक ब्यूरो ने 14 कैरेट, 18 कैरेट, 22 कैरेट, 23 कैरेट और 24 कैरेट से बने आभूषणों का 2022 से हॉलमार्किंग कर रखा है। अब 1 जनवरी 2025 से केंद्र सरकार आभूषण निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले गोल्ड बुलियन के लिए हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने जा रही है, जिसे चरणबद्ध तरीके से देशभर में मूर्त रूप देने की योजना है। गोल्ड बुलियन पर हॉलमार्किंग को लेकर बनी समिति ने मामले में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। गोल्ड बुलियन के लिए हॉलमार्क अनिवार्य होने के बाद आभूषणों की शुद्धता को सुनिश्चित करना संभव हो सकेगा। इससे यह भी पता चल सकेगा कि पहले और आभूषण बनने के बाद सोने की गुणवत्ता कितनी प्रभावित हुई है।

## वोकल फॉर लोकल

डा. मोनिका शर्मा



# भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं त्योहार

परंपरागत पर्व केवल सामाजिक जुड़ाव को नहीं अर्थव्यवस्था को भी बल देते हैं। नवरात्र से शुरू हुआ त्योहारी मौसम प्रकाश पर्व दिवाली और फिर छठ पूजा तक, कई मायनों में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है। हर वर्ष परंपरा के प्रकाश से मिलने वाली यह जगमग बढ़ ही रही है। इसका सबसे सुखद यह है कि अब विदेशी सामानों के बजाय स्थानीय उत्पादों को खरीद में आमजन की रुचि बढ़ी है। हाल के वर्षों में वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत देसी उत्पादों का गुणवत्ता के साथ सामयिक बदलाव और स्थानीय बाज़ारों से लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स तक बिक्री के लिए उपलब्ध होना, हर तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की बेहतरी से जुड़ गया है।ध्यातव्य है कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा हाल में यह बड़ा दावा किया गया कि वर्ष 2024 के इस त्योहारी मौसम में देशभर में 4.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यवसाय होने की आशा है। अकेले राजधानी दिल्ली में ही 75000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यवसाय अनुमान है। समझना कठिन नहीं कि देश के हर हिस्से में धूमधाम से मनाये जाने वाले दीपपर्व की इस उत्सवीय छटा की वित्तीय पक्ष पर उजास लाने में कितनी बड़ी भागीदारी है।

रोजगार बढ़ाने से लेकर नये उत्पादों का स्वागत करने तक, बाजार में रौनक छा जाती है। उपभोक्ताओं की बढ़ती गतिविधियां व्यापारिक गतिविधियों में भी उत्साह का संचार करती हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) द्वारा देश के सभी राज्यों के प्रमुख व्यापारिक केंद्र माने जाने वाले 70 शहरों में किए गए अध्ययन के अनुसार देशभर के व्यापारियों ने उपभोक्ताओं की मांग और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी की है। परंपरागत परिधानों, आभूषणों और सजावटी सामानों से लेकर स्थानीय रंगों की छटा लिए भारतीय उत्पाद सब कुछ बाजार में उपलब्ध है। पर्वों-त्योहारों वाले हमारे देश में इस त्योहारी शृंखला के समय हर तरह के उत्पादों की मांग शिखर पर होती है।

सीएआईटी के अनुसार इस साल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल और रीयल एस्टेट तक व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ी हैं। ज्ञात हो कि हर वर्ष इन दिनों होने वाली ख़रीदारी अपने आप में एक रिकॉर्ड होती है। सीएआईटी के अनुसार बीते साल त्योहारी रुत में देशभर के बाज़ारों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ था। उल्लास के साथ मनाये जाने वाले इन उत्सवों में सजावट से लेकर शृंगार तक, हर तरह के सामान और सेवाओं की मांग बढ़ जाती है। करवाचौथ जैसे पर्व पर मेहंदी लगाने का काम ही देशभर में एक बड़ा कारोबार है। इसमें महिलाओं को ही नहीं पुरुषों को भी रोजगार मिलता है। कहना गलत नहीं होगा कि सामाजिक जीवन में उत्साह भरते पर्व अर्थव्यवस्था की भी रौनक बढ़ाने वाले साबित हो रहे हैं। आपसी मेलजोल का धरातल बनाते परंपरागत पर्व आर्थिक पक्ष की बुनियाद भी पक्की करते हैं। जागरूकता और सजगता के मोर्चे पर भी देखा जाए तो आमजन में एक दायित्व बोध का भाव स्पष्ट दिखता है।

देशवासियों द्वारा स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देने की बात हो या स्थानीय बाज़ारों से सामान खरीदने का रुख, सकारात्मक बदलाव को सामने रखते हैं। लोकल सर्कल्स का अध्ययन कहता है कि 70 प्रतिशत शहरी लोग दीपावली की ख़रीदारी स्थानीय व्यापारियों से ही करेंगे। ऐसी सभी बातें रोजगार के अवसर बढ़ाने वाली हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उत्पादों और शिल्प से जुड़े लोगों को खूब काम मिलता है।त्योहारों पर दिखती आर्थिक पक्ष यह बेहतरी हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन से भी जुड़ी है। दरअसल, आर्थिक, सामाजिक और परंपरागत पक्ष एक दूजे से गहराई से जुड़े होते हैं। यही कारण है कि पर्वों की यह आर्थिक उजास केवल बड़े व्यापारियों तक ही नहीं सिमटती बल्कि दूर-दराज़ के गांवों तक भी पहुंचती है। वस्तुतः सामाजिक-सांस्कृतिक पक्षों को पोसते भारतीय उत्सवों का आर्थिक पहलू सदा से ही हमारी अर्थव्यवस्था का आधार बना हुआ है। इस उत्सवीय खरीद में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों के काम को बढ़ावा मिलने की स्थितियां सचमुच एक उजास भरा पहलू हैं। अर्थव्यवस्था को संबल और कर्मठ-श्रमशील कारीगरों को मान देने का यह भाव आत्मनिर्भर भारत की सोच को साकार करने में हर भारतीय की भागीदारी सुनिश्चित करता प्रतीत होता है। स्पष्ट है कि हमारे त्योहार ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती ही प्रदान कर रहे हैं।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
## दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।


# योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता




संकलित
## प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी को बढ़ावा देशहित में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर दिखते हैं, जोकि देश के कारोबारियों के लिए भी अच्छे दिनों के लिए शुभ संकेत है। मेक इन इंडिया सरकार की बहुत अच्छी पहल है। हमारा देश कभी सोने की चिड़िया होता था, लेकिन पहले इसे मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने देश की धन-संपत्ति को विदेशों में ले गए। हमारे विदेशी वस्तुओं के मोह के कारण देश आर्थिक रूप से प्रभावित हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री हमारे देश की वस्तुओं की मांग विदेशों में बढाने की बात कहते हैं। इससे यह उम्मीद की किरण नजर आई कि हमारे देश में इससे विदेशी मुद्रा आएगी, जो देश की आर्थिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। देश के लिए बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि हमारे देश के उत्पाद विदेशी मंडियों की शान बनकर विदेशियों तक पहुंच रहे हैं। *– मनीष चौरसिया, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### इन्फैंट्री दिवस की बधाई



इन्फैंट्री दिवस पर सभी को बधाई, जो अथक रूप से हमारी रक्षा करते हैं। वे हमारे राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित रहते हैं। पैदल सेना शक्ति, वीरता और कर्तव्य का सार प्रस्तुत करती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अत्याचार गृह



उप्र की राजधानी में 16 दिनों में पुलिस 'हिरासत में मौत' का दूसरा समाचार मिला है। नाम बदलने में माहिर सरकार को अब 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' रख देना चाहिए। पीड़ित परिवार की हर माँग पूरी की जाएं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### अमेरिकी चुनाव महत्वपूर्ण



अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव - कमला हैरिस बनाम डोनाल्ड ट्रम्प - अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्या आप इसका पालन कर रहे हैं? बस कुछ ही दिन बचे हैं और यह हर दिन और अधिक तनावपूर्ण होता जा रहा है।
- प्रणव रॉय, अर्थशास्त्री

### महाराष्ट्र में सब बेपरवाह



महाराष्ट्र में कोई भी दल और कोई भी उम्मीदवार वास्तव में लोगों की परवाह नहीं करता। सभी मतदाताओं को लूट रहे हैं, जिससे आम आदमी के जीवन की गुणवत्ता पूरी तरह से खराब हो रही है।
-हंसल मेहता, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में आव्रजन बना अहम मुद्दा



अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में महज नौ दिन बचे हैं, ऐसे में आव्रजन प्रचार अभियान में एक अहम मुद्दा बना हुआ है और भारत सहित विभिन्न दक्षिण एशियाई देशों के आप्रवासियों को डर है कि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के जीतने पर उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान दिए भाषणों में राष्ट्रपति चुने जाने पर न सिर्फ वाशिंगटन की आव्रजन नीतियों को सख्त बनाने का वादा किया है, बल्कि अमेरिकी इतिहास में बिना दस्तावेज वाले आप्रवासियों का 'सबसे बड़ा' घरेलू निर्वासन अभियान चलाने और मौजूदा शरणार्थी कार्यक्रमों की समीक्षा करने का संकल्प भी लिया है। पूर्व राष्ट्रपति ने अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले अप्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता के प्रावधान को समाप्त करने का भी वादा किया है, जिससे भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान सहित विभिन्न देशों के आप्रवासियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। आप्रवासन समर्थक समूहों ने आव्रजन पर बयानबाजी को लेकर ट्रंप की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने का संकल्प कानूनी रूप से सवालों के घेरे में है, क्योंकि यह (जन्मसिद्ध नागरिकता) अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में निहित है।

## ऑफ बीट

# जानवरों के रंग को लेकर सोच अंधविश्वास पर आधारित



काली बिल्लियों और अन्य काले जानवरों से जुड़े अंधविश्वासों ने जानवरों के संबंध में लोगों की पसंद को आकार दिया है। अधंविश्वास और इस सोच के कारण काली बिल्लियों को गोद लेने की दर कम है कि वे अधिक आक्रामक होती हैं। ये पूर्वाग्रह निराधार हैं। मानव-वन्यजीव अंत:क्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले दो जीवविज्ञानियों के रूप में, हमें यह बात डरावनी लगती है कि कैसे अंधविश्वास, लोककथाएं और मिथक आपके अवचेतन को आकार दे सकते हैं। ये विशेष रूप से उन जानवरों के प्रति पूर्वाग्रह पैदा करते हैं जिन्हें लोग संरक्षित और सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहे हैं। केवल काले या सफेद जानवर की दुर्लभता वैज्ञानिकों के अनुसार, किसी जानवर का पूरी तरह काला या सफेद होना असामान्य होता है। किसी जानवर का पूरी तरह से काला या पूरी तरह से सफेद होना एक दुर्लभ बात है। इन जानवरों को अपने निवास स्थान में घुलने-मिलने में अक्सर कठिनाई होती है। उनके लिए अपने शिकार पर घात लगाने की कोशिश करना और शिकारियों से खुद को छिपाने का प्रयास करना एक चुनौती है। उन्हें अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और अपनी प्रजाति के अन्य जानवरों के साथ घुलने-मिलने में भी संघर्ष करना पड़ता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# ट्रेन की सीट पर कब्जा करने भगदड़, 10 यात्री घायल



मुंबई। पश्चिम रेलवे के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दिवाली और छठ पूजा मनाने के लिए अपने गृहनगर जाने को लेकर बड़ी संख्या में लोग चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस घटना में 10 यात्री घायल हो गए, जिनमें से कई के सोशल मीडिया पर खौफनाक वीडियो भी सामने आए। यह घटना देर रात करीब 2:45 बजे हुई, जब यात्री 22 डिब्बों वाली अनारक्षित ट्रेन बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। घटना के वक्त ट्रेन बांद्रा टर्मिनस यार्ड से प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आ रही थी। इस ट्रेन के प्रस्थान समय सुबह 5:10 बजे था। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के त्योहारों के दौरान यात्री जल्दी से जल्दी सीट पर कब्जा करने के लिए भागते हैं।

### घायल यात्रियों की पहचान

घायल यात्रियों की पहचान शब्बीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदार गुप्ता (28), रवींद्र हरिहर चुमा (30), रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु योगेन्द्र यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत साहनी (19) और नूर मोहम्मद शेख के रूप में हुई है।

### 130 विशेष ट्रेनें फिर भी भीड़

हालांकि, पश्चिमी रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दो लोग घायल हुए हैं। बयान में यह भी बताया गया कि आगामी दिवाली और छठ त्योहारों के मद्देनजर विभिन्न गंतव्यों, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए 130 त्योहार विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं।



# संभलिए, खतरा है... रायपुर स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या 60 हजार से एक लाख पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्टेशन पर दीपावली की भीड़ डरावनी लग रही है। आम दिनों में पचास-साठ हजार यात्रियों की आवाजाही होती है, लेकिन दिवाली पर इसकी संख्या एक लाख तक पहुंच चुकी है और इसके मुकाबले सुरक्षा बेहद कम है। यह बात इसलिए हो रही है क्योंकि रविवार को मुंबई के बांद्रा टर्मिनस में भगदड़ के हालात बने और दस घायल हो गए। रायपुर स्टेशन की हालत जुदा नहीं है। त्योहारी सीजन में प्लेटफार्म पर ट्रेन रुकते ही गेट के बाहर यात्रियों की इतनी भीड़ इकट्ठी हो जाती है कि ▶▶|शेष पेज 2 पर



### कोच के भीतर नहीं जा सके इसलिए खींची जंजीर

हरिभूमि ने हावड़ा, पुणे, और भोपाल समेत हैदराबाद जाने वाली ट्रेनों का जायजा लिया। इन ट्रेनों के जनरल कोच में भारी भीड़ रही। दोपहर के बाद शाम को स्थिति और भी खराब हो गई। सबसे ज्यादा भीड़ पैसेंजर ट्रेनों में दिखाई ▶▶|शेष पेज 2 पर

### साउथ बिहार और अमरकंटक में वेटिंग अधिक

*रविवार को समता, अमरकंटक व छत्तीसगढ़, सारनाथ, साउथ बिहार समेत संपर्क क्रांति और हावड़ा-मुंबई समेत अहमदाबाद में भी वेटिंग 100 से अधिक देखने को मिली। ट्रेनों में भीड़ बढ़ने के बाद अब सीट को लेकर भी विवाद शुरू हो चुका है। इसे देखते हुए आरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और समता एक्सप्रेस में सीट को लेकर यात्रियों में जमकर विवाद हुआ। कंफर्म टिकट होने के बाद भी यात्री आरक्षित सीट से नहीं हट रहा था। शिकायत पर रायपुर में आरपीएफ ने दोनों यात्रियों के बीच झगड़ा खत्म कराया।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 'दबंग द टूर-रीलोडेड' में प्रस्तुति देंगे सलमान



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने शनिवार को घोषणा की कि वह सात दिसंबर को दुबई में "दबंग द टूर-रीलोडेड" में प्रस्तुति देंगे। खान के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, जैकलीन फर्नांडिज, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, प्रभु देवा, मनीष पॉल, सुनील ग्रोवर और आस्था गिल भी प्रस्तुति देंगे। फिलहाल आगामी फिल्म सिकंदर की शूटिंग कर रहे सलमान ने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर यह घोषणा की।

### कार और बाइक की टक्कर दो युवकों की मौत



**सोनभद्र।** यूपी में सोनभद्र जिले के अनपरा थाना क्षेत्र में कार और बाइक की टक्कर होने से दो युवकों की मौत हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार महेश (19) और रामनारायण (20) की मौके पर ही मौत ही गई। ये दोनों युवक मजदूरी करते थे। टक्कर लगने के बाद कार के पलट जाने से उसमें सवार एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को डिबुलगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़ 105 किलो हेरोइन बरामद



**चंडीगढ़।** पंजाब मे सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और 105 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि इसी के साथ विदेश में रह रहे मादक पदार्थ तस्कर से जुड़े दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पाकिस्तान से मादक पदार्थ लाने के लिए समुद्री मार्ग का इस्तेमाल किया जाता था।

### 200 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी अधीनस्थ अदालतों में कई न्यायिक अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की है। हाईकोर्ट ने 25 अक्टूबर को जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में, दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 न्यायिक अधिकारियों और दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों को नयी पदस्थापना दी। जिलों में लगभग 70 न्यायिक अधिकारियों को तैनात करना भी शामिल है।

## पीएम ने 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर जताई चिंता, 'रूको,सोचो और एक्शन लो' का दिया मंत्र

# 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाकर ठगी, पीएम बोले-सरकारी एजेंसी नहीं करती वीडियो कॉल

*देश में 'डिजिटल अरेस्ट' के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। कई लोग इसमें फंसकर अपने मेहनत की कमाई गंवा भी चुके हैं। हालांकि, पुलिस और सरकार की ओर से लगातार डिजिटल अरेस्ट से बचने को लेकर कई सुझाव सामने आते रहते हैं। फिर भी इन मामलों में लगाम लगती नहीं दिख रही। ऐसे में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को इस संबंध में आगाह किया। उन्होंने एक वीडियो क्लिप के जरिए बताया कि कैसे साइबर अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए लोगों को ठगते हैं।*

### पीएम के तीन मंत्र

- ***रुको-*** *कॉल आते ही घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीन शॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।*
- ***सोचो-*** *कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है।*
- ***एक्शन लो-*** *राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया। इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 'मन की बात' में जागरूकता की जरूरत बताई



### सीएम साय बोले-सतर्क रहें प्रदेशवासी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने का अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी दिनों-दिन बढ़ते जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि आम नागरिकों को साइबर ठगी को लेकर सतर्क और जागरूक रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल साइबर ठग लोगों की पूरी जानकारी निकालकर उनसे फोन पर ऐसे बात करते हैं मानो उनके परिजन ही बात कर रहे हों, और इस तरह उन्हें ठगी का शिकार बना लेते हैं। उन्होंने इस विषय पर पूरे प्रदेश को अलर्ट किया है ▶▶|शेष पेज 2 पर

### ठगी रोकने राज्य सरकारें भी काम कर रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। आपसी तालमेल के लिए 'नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन' केंद्र की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा, ऐसी धोखाधड़ी करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड और बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है। मोदी ने कहा कि ऐसे मामलों में एजेंसियां अपना काम कर रही हैं लेकिन 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रहे फरेब से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों सहित हर जगह इसके बारे में लोगों से जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

**केस 1**

कुछ दिनों पहले दिग्गज उद्योगपति एस पी ओसवाल के साथ 7 करोड़ रुपए की ठगी होने की खबर सामने आई थी। साइबर ठगों ने उद्योगपति से कहा कि वे 'डिजिटल अरेस्ट' हो गए हैं और अपनी बात साबित करने के लिए नकली वर्चुअल कोर्ट रूम भी बनाया।

**केस 2**

उत्तराखंड के राजपुर निवासी अनिल कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्हें 20 मई 2024 को अज्ञात व्यक्ति ने वीडियो कॉल किया। उन्हें 48 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर तीन करोड़ रुपए की ठगी की। उन्हें पार्सल के अंदर फर्जी पासपोर्ट, नशा सामान होने का डर दिखाया।

**केस 3**

साइबर अपराधियों ने नोएडा के सेक्टर-46 निवासी सुरेंद्र पाल वशिष्ठ को वीडियो कॉल किया। उसे पार्सल पकड़े जाने की सूचना देकर जांच के नाम पर तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट किया। इसके बाद जांच में मानव तस्करी केस में फंसाने का डर दिखाकर 8 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

## पुलिस कस्टडी में मौत का मामला

# एसपी ने प्रधान आरक्षक समेत आठ पुलिसकर्मियों को हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

पुलिस कस्टडी में युवक की फांसी लगाकर मौत के मामले में एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक समेत आठ आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है जबकि इसके पूर्व थाना प्रभारी व एक आरक्षक को निलंबित किया जा चुका है। घटना के बाद शनिवार की देर शाम कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने मृतक के परिजन से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया व मृतक के बच्चे की पढ़ाई का खर्च वहन करने की बात कही है। बता दें कि कोतवाली थाना बलरामपुर में संतोषीनगर निवासी गुरुचंद मंडल आ. शांती राम मंडल ने कथित रूप ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 50 हजार की दी सहायता राशि

शनिवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने मृतक गुरुचंद मंडल के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वसन दिया। इस दौरान उन्होंने मृतक के पिता व परिवार के सदस्यों से कहा कि समाज के लोगों के साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता हर मुसीबत में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने मृतक के बच्चे को पढ़ाई का पूरा खर्च स्वयं वहन करने ▶▶|शेष पेज 2 पर

### इन पर हुई कार्रवाई

एसपी श्री बैंकर ने प्रधान आरक्षक रविंद्र कुमार यादव, आरक्षक चन्दर साय तिर्की, वासुकीनाथ गुप्ता, देवकुमार, अमित कुमार एक्का, हरिशंकर यादव, उदयभान दुबे, कृष्णा हलदार को बलरामपुर थाने से रक्षित केंद्र भेज दिया है। इसके ही नए पुलिसकर्मियों की पदस्थापना भी थाने में कर दी गई है। जबकि इसके पूर्व पुलिस की ओर से थाने में तोड़फोड़ करने व उपद्रव करने वालों के खिलाफ भी 13 धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया जा चुका है।

## तकनीकी माध्यमों का होगा इस्तेमाल

# एसआई भर्ती परीक्षा में 2 लाख युवाओं के शामिल होने का अनुमान, सेंटर में रोज होगी 1000 अर्जियों की जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, सब इंस्पेक्टर (एसआई) प्लाटून कमांडर (पीसी) के 341 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस परीक्षा में राज्य के 2 लाख युवाओं के शामिल होने की संभावना है। खास बात ये है कि परीक्षा के दौरान आधुनिक तकनीकी माध्यमों का पूरा इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही परीक्षा में कोई मुन्ना भाई शामिल न हो पाए, इसका भी पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया को संचालित करने और पारदर्शी तरीका अपनाने के लिए पुलिस मुख्यालय किसी ऐसी एजेंसी की तलाश में है, जो आधुनिक माध्यमों का इस्तेमाल कर किसी भी तरह की ▶▶|शेष पेज 2 पर

- डिजिटल प्रौद्योगिकी, बायोमेट्रिक डिवाइस और लाइव फोटो कैप्चरिंग की व्यवस्था

### भर्ती केंद्रों में रोज एक हजार आवेदकों की जांच

इस भर्ती परीक्षा में लाखों की संख्या में अभ्यर्थी शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए यह व्यवस्था बनाई जाएगी कि हर परीक्षा केंद्र में रोज 1000 अभ्यर्थियों की जांच हो सके। इन अभ्यर्थियों की शारीरिक माप, शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया जाएगा। यह काम 6 घंटे में पूरा किया जाएगा। कंप्यूटर इंटरफेस के माध्यम से ऊंचाई और छाती की डिजिटल माप और रिकॉर्डिंग (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए)। होगी। सभी शारीरिक माप-तौल केंद्रों, शारीरिक दक्षता परीक्षण केंद्रों पर बायोमेट्रिक उपकरणों की व्यवस्था एवं डाटा एकत्र करने के पश्चात इन उपकरणों के माध्यम से अभ्यर्थियों की पहचान की पुष्टि की जाएगी।

### मुन्ना भाई ऐसे पकड़े जाएंगे

पुलिस की भर्ती में सही अभ्यर्थी की जगह कोई दूसरा न शामिल हो पाए, ऐसे लोगों को पकड़ने भी व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए पीएसटी, पीईटी, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के दौरान ली गई लाइव तस्वीरों की तुलना उम्मीदवारों द्वारा अपलोड की गई तस्वीरों से की जाएगी। भारत सरकार के ▶▶|शेष पेज 2 पर

## सर्जरी के बाद इंफेक्शन की शिकायत,11 मरीजों का आंबेडकर अस्पताल में इलाज

# मोतियाबिंद ऑपरेशन में लापरवाही, डाक्टर सहित तीन निलंबित, स्वास्थ्य मंत्री अस्पताल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोतियाबिंद की सर्जरी में लापरवाही बरतने के मामले में शासन ने गंभीरता दिखाते हुए दंतेवाड़ा जिला अस्पताल की सर्जन डॉ. गीता नेताम, आईओटी प्रभारी ममता वैदे, नेत्र सहायक अधिक दिप्ती टोप्पो को निलंबित कर दिया है। सर्जरी के बाद इंफेक्शन की शिकायत पर उपचार के लिए रायपुर भेजे गए 11 मरीजों से मिलने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने प्रभावित मरीजों के समुचित उपचार का निर्देश डाक्टरों को दिया है। दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में 22 जुलाई को मोतियाबिंद की सर्जरी की गई थी। इसके बाद कई मरीजों की आंखों में जलन, खुजली, लाल होने के साथ दिखाई देना बंद होने की शिकायत होने लगी थी। मामले में लापरवाही की आशंका को देखते हुए विभागीय स्तर पर जांच के लिए टीम का गठन ▶▶|शेष पेज 2 पर



### कांग्रेस ने बनाई जांच टीम

बिना सैनेटाइज किए ऑपरेशन थियेटर में सर्जरी किए जाने की वजह से मामला बिगड़ने की बात सामने आ रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता को मरीजों से मिलकर वस्तुस्थिति के बारे में जानने पत्र भेजा गया है। इसी तरह पीसीसी द्वारा मामले की लापरवाही की जांच के लिए बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल, बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा, जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद्र जैन, कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री विमल सुराना, जिला कांग्रेस कमेटी के अवधेश गौतम को शामिल कर टीम का गठन किया गया है।

### रोशनी जाने का खतरा

इंफेक्शन के शिकार होने के बाद इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल भेजे गए कुछ मरीजों की आंख की रोशनी जाने का खतरा बना हुआ है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि 11 मरीजों में से आठ की दोबारा सर्जरी की गई है, दो मरीजों की स्थिति सामान्य है और एक पेशेंट ऑपरेशन के लायक नहीं था। मरीजों को विशेष वार्ड में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है उनकी वास्तविक स्थिति तीन से चार दिन में स्पष्ट हो पाएगी।

## पीएम मोदी कल करेंगे स्वास्थ्य बीमा की शुरुआत

# बुजुर्गों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य बीमा की शुरुआत 29 अक्टूबर को किए जाने की संभावना है। नियमित टीकाकरण की इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री बनाए रखने के लिए विकसित 'यू-विन' पोर्टल, को भी उसी दिन प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि इन दोनों के अलावा, मंगलवार को कुछ अन्य परियोजनाओं ▶▶|शेष पेज 2 पर



### 29648 अस्पताल सूचीबद्ध

एक सितंबर 2024 तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को पीएमजेएवाई के तहत सूचीबद्ध किया गया है। यह योजना वर्तमान में दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की जा रही है।

### को-विन की तर्ज पर लॉन्च होगा यू-विन पोर्टल

आयुष्मान भारत योजना के विस्तार के साथ मंगलवार से गर्भवती महिलाओं और शून्य से 17 साल के बच्चों के वैक्सीनेशन रिकॉर्ड के लिए कोविड-19 वैक्सीन प्रबंधन प्रणाली को-विन की तरह यू-विन पोर्टल भी लॉन्च हो रहा है। पोर्टल शुरू होने पर नियमित टीकाकरण का इलेक्ट्रॉनिक रजिस्टर बनाया जा सकेगा। फिलहाल पायलट बेसिस पर यह पोर्टल चल रहा है।

### क्या होगा फायदा

- आयुष्मान कार्ड है, उन्हें फिर से नया आवेदन करना होगा और अपनी ईकेवाईसी पूरी करनी होगी।
- आधार कार्ड के अनुसार 70 साल या उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकेगा।
- यह आवेदन आधारित योजना है, लोगों को पीएमजेएवाय पोर्टल या आयुष्मान एप पर पंजीकरण कराना होगा।
- 70 साल और उससे ऊपर के वरिष्ठ नागरिक जो पहले से एबी पीएमजेएवाय के तहत कवर किए गए परिवारों से हैं, उन्हें प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा।

### हिरासत में मौत, इंस्पेक्टर समेत कई पर केस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाने में हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के मामले में रविवार को संबंधित पुलिस निरीक्षक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चिनहट के जैनाबाद निवासी मोहित कुमार (30) को पुलिस ने शनिवार को एक मामले में हिरासत में ले लिया था। उसी दिन हिरासत में ही मोहित की तबीयत खराब हो गयी, जिसके बाद मोहित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में उच्चतर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित के परिवार के सदस्यों ने पुलिस पर मोहित की हत्या का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन किया।




# प्रतीक की 'ख्वाबों का झमेला' अब ओटीटी पर

**मुंबई।** प्रतीक बब्बर को आखिरी बार फिल्म 'इंडिया लॉकडाउन' में देखा गया था, जो 2 दिसंबर, 2022 को जी5 पर रिलीज हुई थी। अब प्रतीक की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'ख्वाबों का झमेला' है। इस फिल्म में प्रतीक की जोड़ी अभिनेत्री सयानी गुप्ता के साथ बनी है। इस फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें दोनों सितारों की झलक दिख रही है। 'ख्वाबों का झमेला' की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। प्रतीक की फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म का प्रीमियर 8 नवंबर से होगा।

लाइफ Style

# रवीना

## सिंघम के प्यार में करने वाली थीं आत्महत्या

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री रवीना टंडन 90 के दशक में बड़े पर्दे पर राज करती थीं और अपने करियर की दूसरी पारी में ओटीटी पर अपना दमखम दिखा रही हैं। 26 अक्टूबर को रवीना ने अपना 52वां जन्मदिन मनाया। अपनी पेशेवर जिंदगी के अलावा रवीना अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने 22 फरवरी, 2004 को अनिल थडानी के साथ शादी की थी।

क्या आप जानते हैं रवीना अभिनेता अजय देवगन के प्यार में आत्यहत्या करने वाली थीं। एक समय ऐसा था, जब रवीना का नाम अजय के साथ जुड़ा। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम भी किया है, जिनमें एक नाम 'दिलवाले' का है। कहा जाता है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के नजदीकियां बढ़ीं और दोनों एक-दूजे से प्यार करने लगे। हालांकि, यह रिश्ता चला नहीं। जब दोनों अलग हुए तो रवीना ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

जब ये खबरें आने लगीं थी तो अजय ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। अजय के अलावा रवीना का नाम अक्षय कुमार के साथ भी जुड़ा है। एक वक्त ऐसा था, जब दोनों के प्यार के किस्से बॉलीवुड गलियारों में छाए रहते थे। अक्षय-रवीना एक-दूसरे से बहुत प्यार करते थे और फिर इन्होंने शादी का फैसला लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, अक्षय रवीना की सगाई तक हो गई थी, लेकिन अचानक किसी कारण दोनों की राहें जुदा हो गईं। इसके बाद अक्षय ने ट्विंकल खन्ना और रवीना ने अनिल से शादी कर ली।



हॉलीवुड मसाला



# टाइटैनिक को लेकर किए खुलासे


**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट ने 'टाइटैनिक' को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान उन्होंने 'टाइटैनिक' के मशहूर दरवाजे के दृश्य की भी चर्चा की। ऑस्ट्रेलियाई टॉक शो द प्रोजेक्ट पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि 'टाइटैनिक' के मशहूर दृश्य में दिखाया गया 'दरवाज़ा' वास्तव में दरवाज़ा नहीं था, बल्कि सेट का एक और हिस्सा था। पीपल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार जब उनसे पूछा गया कि क्या सह-कलाकार लियोनार्डो डिकैप्रियो के लिए 'दरवाजे पर जगह' थी, तो विंसलेट ने कहा कि उन्हें पता था कि इंटरव्यू में मुझसे 'यह सवाल पूछा जाएगा।

# मसल्स बनाने के 'मजेदार' अनुभव का खुलासा...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार पॉल मेस्कल ने बताया कि ग्लेडिएटर 2 में लूसियस की भूमिका के लिए मांसपेशियां बनाना उनके लिए मजेदार अनुभव था। इसके लिए उन्हें शराब और सिगरेट पर भी नियंत्रण करना पड़ा। उन्होंने द ग्राहम नॉर्टन शो पर कहा, मैंने बहुत सारा चिकन खाया और भारी चीजें उठाईं। पॉल के ट्रेनर ने भी उनके साथ कड़ी मेहनत की। जिसका परिणाम यह है कि मेस्कल की मसल्स इतनी बन चुकी है कि उनके सह-कलाकार पेड्रो पास्कल ने उन्हें "ब्रिक वॉल पॉल" का नाम दे दिया। पास्कल ने मजाक में कहा, पॉल इतने मजबूत हो गए कि अब मैं उनसे लड़ाई करने की बजाय इमारत से कूदना पसंद करूंगा। हालांकि, मेस्कल ने बताया कि उन्होंने अपनी फिटनेस में संतुलन भी बनाए रखा। उन्होंने कहा, मैंने ट्रेनर की बात मानी।



टीवी मसाला



# टीवी पर लौट रहा सीआईडी, एसीपी प्रद्युमन की सामने आई पहली झलक

**नई दिल्ली।** सीआईडी एक आइकॉनिक क्राइम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें दर्शकों ने एसीपी प्रद्युमन और दया के रोल को खूब पसंद किया था। 90 के दशक के फैंस के लिए ये एक डेली टीवी शो था, जिसे देखने के लिए वो इंतजार करते थे, लेकिन 6 साल पहले ये शो अचानक खत्म हो गया था, जिससे फैंस काफी दुखी थे। हालांकि, मेकर्स ने 20 सालों तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले इस शो को वापस लाने का फैसला किया है, जिसकी एक झलक पहले प्रोमो में देखने को मिल चुकी है। एक बार फिर जनता को टीवी पर कल्ट किरदार देखने का मौका मिलने वाला है। इसमें एसीपी प्रद्युमन के अलावा इंस्पेक्टर दया और अभिजीत भी शामिल हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, सीआईडी के नए सीजन की शूटिंग नवंबर 2024 से शुरू होने वाली है। दरअसल, लोगों की भारी मांग के बाद मेकर्स ने इस शो के नए सीजन को वापस लाने का फैसला किया है।


### सीआईडी टीवी पर कब होगा रिलीज

सीआईडी की शुरुआत साल 1998 में सोनी टीवी पर हुई थी। 2018 तक इस शो ने दर्शकों का बिना रुके मनोरंजन किया। जिसके चलते सीआईडी एक कल्ट सीरियल बन गया। लोग आज भी इसके कलाकारों जैसे एसीपी प्रद्युमन और दया के बारे में बात करते हैं। अब ये जिक्र फिर बढ़ने वाला है, क्योंकि 6 साल के अंतराल के बाद सीआईडी सोनी टीवी पर वापसी करने जा रहा है। दरअसल, गुरुवार को सोनी टीवी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर सीआईडी के नए सीजन का पहला वीडियो शेयर किया है। जिसमें एसपी प्रद्युमन, इंस्पेक्टर दया और सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत की झलक देखने को मिल रही है। इस छोटे से प्रोमो वीडियो के साथ ही सीआईडी की अगली सीरीज का पहला प्रोमो वीडियो 26 अक्टूबर को सोनी टीवी पर लॉन्च किया गया।

### सीआईडी एक कल्ट शो

जिस तरह रामानंद सागर के पौराणिक शो रामायण और बीआर चोपड़ा की महाभारत को छोटे पर्दे पर कल्ट सीरियल माना जाता है, उसी आधार पर सीआईडी को भी वह दर्जा हासिल है। हर एपिसोड में सीआईडी की टीम एक दिलचस्प केस का सस्पेंस सुलझाती है, जिसे देखना फैंस को खूब पसंद आता है।

# नवाजुद्दीन अब आयुष्मान से लेंगे पंगा, सनकी खलनायक बन मचाएंगे धमाल...



**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की गिनती बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेताओं में होती है। वह अपनी उम्दा अदाकारी के चलते हर किरदार को जीवंत बना देते हैं। नवाजुद्दीन अपने लंबे फिल्मी करियर में अब तक कई अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभा चुके हैं और उन्हें खलनायक के रूप में भी खूब पसंद किया गया है। अब खबर है कि फिल्म 'थम्बा' में भी वह खलनायकी दिखाने वाले हैं। इस फिल्म में नवाजुद्दीन अभिनेता आयुष्मान खुराना से भिड़ते दिखेंगे।

***अपनी खलनायकी से दर्शकों के होश उड़ाएंगे नवाज :*** पीपिंगमून की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से नवाजुद्दीन जुड़ गए हैं। वह एक सनकी और हिंसक विलेन का किरदार निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं। यह 'स्त्री 2' के निर्देशक अमर कौशिक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जिसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले 'मुंज्या' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी। फिल्म में नवाजुद्दीन अपने खौफनाक और अनदेखे अवतार से दर्शकों का होश उड़ाने वाले हैं।

***पर्दे पर आमने-सामने होंगे आयुष्मान और नवाजुद्दीन :*** इस फिल्म के हीरो आयुष्मान खुराना हैं। नवाजुद्दीन और आयुष्मान पर्दे पर एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। आयुष्मान इससे पहले भी दिनेश विजान के मैडॉक्स फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'बाला' में काम कर चुके हैं, जिसका निर्देशन अमर कौशिक ने ही किया था। फिल्म में आयुष्मान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।

# 'बिग बॉस 18' से हुईं घर से बेघर



**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने ने लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में दमदार एंट्री ली। हालांकि, शो में वो कहीं गुम हो गईं। मुस्कान इस शो में ज्यादा योगदान नहीं दे सकीं और खेलों में भी सक्रिय रूप से शामिल नहीं हुईं। वह अन्य प्रतियोगियों के साथ जुड़ नहीं पाईं। अब मुस्कान को बिग बॉस ने घर से बाहर का रास्ता दिखाया है। हेमा शर्मा के साथ मुस्कान इस सीजन की दूसरी प्रतियोगी हैं, जिन्हें घर से बेघर किया गया है। मीडिया ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, 'घरवालों के लिए ये हमेशा रही प्यार और क्यूट, लेकिन अब मुस्कान को लेना होगा घर से बाहर निकलने का रूट।' बता दें मुस्कान टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री हैं।

# माधुरी दीक्षित और विद्या बालन ने 5 दिन में पूरी की 'आमी जय तोमर' की शूटिंग

*मुंबई। कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन जैसे सितारों से सजी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते दिन 'भूल भुलैया 3' का नया गाना 'आमी जय तोमर 3.0' रिलीज किया गया, जिसमें विद्या और माधुरी जबरदस्त डांस करती दिखीं। क्या आप जानते हैं इस गाने को शूट करने में कितने दिन लगे थे।*



### 'भूल भुलैया' की तीसरी कड़ी है 'भूल भुलैया 3'

*'भूल भुलैया 3' साल 2007 में आई हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया' की तीसरी कड़ी है। कार्तिक अभिनीत इसकी दूसरी किस्त 'भूल भुलैया 2' सुपरहिट थी। कार्तिक 'भूल भुलैया 3' में रूह बाबा बनकर वापसी कर रहे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अजय देवगन और रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' से होगा। यह फिल्म भी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।*

### निर्देशक ने कही ये बात

'भूल भुलैया 3' के निर्देशक अनीस बज्मी ने खुलासा किया कि 'आमी जय तोमर 3.0' गाने को 5 दिनों में शूट किया गया था। अनीस ने कहा, "हमने 5 दिनों में 'आमी जय तोमर 3.0' गाने की शूटिंग की थी। हम लोगों ने एक बड़ा सेट बनाया था, क्योंकि यह बहुत ही खास गाना है। हर कोई इस गाने को लेकर बहुत उत्साहित है। सेट पर हर कोई विद्या और माधुरी का प्रशंसक था।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### इंचार्ज/क्लर्क

**आवश्यकता है-** सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज 21000/-, स्टोर होल्डर-, 18000/-, बिलिंग क्लर्क और बिल चेकर- 15000/-, ऑफिस क्लर्क- 16000/- एवं सफाई कर्मी- 10700/-, आवेदन Email-id- hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें। **संपर्क:- 9685726593.** (RO-3058)

### कुक

**आवश्यकता है-** इण्डियन, चाइनिस एवं तन्दुर में शेफ एवं सर्विस हेतु स्टीवर्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संचालक एस.एम.एम. रेस्टोरेंट मो.- 98931-39282. (आरो न.- 612)

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाडू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1227)

### अन्य

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.** (RO-750)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929276015.. 8929276138.. (RO-509)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9065357020 (RO-3051)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (Ro-3055)

## Property प्रापर्टी

### जमीन

**जमीन बेचना है-** नेशनल हाईवे रोड से लगा हुआ 14 एकड़ का संयुक्त प्लाट, उद्योग, हाउसिंग कॉलोनी एवं रिसोर्ट के लिए उपयुक्त फ्रंट आधा किलोमीटर शीघ्र बेचना है संपर्क- 9425517543, 9165420005. (RO-5985)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** दिवाली धमाका-दया नगर रिसाली में आवासीय डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध रेट 1299/- वर्गफ़ीट, साइज़ - 2400 एवं 900 वर्गफीट, बैंक लोन कंस्ट्रक्शन सुविधा उपलब्ध- 9589886655 /9589046655. (आरो - 609)

## For Rent किराया

**मैरिज पैलेस/ मंगल भवन किराये पर उपलब्ध**
3000 व.फु. AC हॉल, 16 AC कमरे 20000 व.फु. गार्डन धनोरा रिसाली बोरसी (भिलाई) के नजदीक मात्र 75000 प्रतिदिन से पैकेज शुरू
मो. 8085640899

**तत्काल किराये से देना है-** देवरी तरपोंगी के पास होटल / ढाबा तत्काल किराये से देना है । **संपर्क करे:- मो.- 98271-66974, 95222-17771** (आरो न.- 613)

## Purchase खरीदना

**खरीदना है-** 100 Horse Power की सेकेंड हैंड टिपटॉप कंडीशन की मोटर खरीदना है। **सम्पर्क करें- 7987730984.** (RO-37781)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




हरिभूमि Healthcare

## चमड़ी रोग

क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुंसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासिईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़) समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

रायपुर

सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी

वर्ष : 23, अंक : 103

पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य : 5.00**

**मौसम**

अधि. 30.9

न्यून. 23.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



सिंघम के प्यार में करने वाली थीं आत्महत्या

विचार पेज

चमकीली होती सोने की चमक

# पहले की तरह खींचतान नहीं, इस बार छग से सेंट्रल पूल के लिए केंद्र को 70 लाख मीट्रिक टन चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले 160 लाख मीट्रिक टन धान में से तैयार हुए चावल का एक बड़ा हिस्सा यानी 70 लाख मीट्रिक टन चावल केंद्र सरकार सेंट्रल पूल के लिए लेगी। इसी तरह राज्य सरकार के नागरिक आपूर्ति निगम में राज्य पूल के लिए 14.30 लाख मीट्रिक टन चावल लिया जाएगा। खास बात ये है कि इस बार राज्य सरकार ने अपनी कस्टम मिलिंग नीति में ऐसे प्रावधान किए हैं, जिसके माध्यम से मिलरों पर कड़ी नजर भी रखी जाएगी।

- जिनके लॉट कई बार हुए कैंसिल, उनसे अनुबंध नहीं

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के पूरे पांच साल में सेंट्रल पूल के लिए, लिए जाने वाले चावल, बारदाने आदि को लेकर खींचतान की नौबत बनी रहती थी, लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ये मसला खत्म हो गया है। अब केंद्र सरकार ने पिछले महीने ही राज्य सरकार को एक पत्र जारी कर 70 लाख मीट्रिक टन चावल लेने पर सहमति दे दी है। बताया गया है कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के बाद 14 नवंबर से 30 जून तक चावल जमा किया जाएगा।

## नान के लिए 14.30 लाख मीट्रिक टन चावल लिया जाएगा

### मिलरों पर रहेगी सरकार की नजर

राज्य सरकार ने 2024-25 के लिए जो कस्टम मिलिंग नीति बनाई है, उसमें मिलरों पर पकड़ और निगरानी बनाए रखने के लिए कई प्रबंध किए गए हैं। सरकार ने तय किया है कि कस्टम मिलिंग करने वाले मिलरों को उनकी वार्षिक क्षमता का केवल 75 प्रतिशत धान दिया जाएगा। साथ ही आधुनिक मिलों और गैर व्यापारिक मिलों को मिलिंग के लिए धान देने में प्राथमिकता दी जाएगी। जिन मिलरों ने अनियमित तरीके से स्टॉक को परिवर्तित किया है या जिनके लॉट कई बार नान (नागरिक आपूर्ति निगम) या एफसीआई से रिजेक्ट हुए हैं, ऐसे मिलरों को इस सीजन में कस्टम मिलिंग के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।



### राइस मिलों का होगा भौतिक सत्यापन

मिलरों पर अंकुश लगाए रखने के लिए कस्टम मिलिंग नीति में यह प्रावधान किया गया है कि राज्य में धान खरीदी का सीजन समाप्त होने के बाद राज्य शासन एवं एफसीआई के अधिकारियों द्वारा रेंडम रूप से संयुक्त भौतिक सत्यापन खरीदी केंद्रों, संग्रहण केंद्रों और राइस मिलों में किया जाएगा। मिलों के भौतिक सत्यापन के लिए एक एसओपी भी तैयार की जाएगी, जिसमें चेकलिस्ट और वीडियोग्राफी को भी शामिल किया जाएगा। मिलरों द्वारा पिछले अनुबंध की मिलिंग पूरी करने एवं संपूर्ण चावल जमा करने के बाद ही कलेक्टर द्वारा नई मिलिंग के लिए अनुमति दी जाएगी। नई अनुमति दिए जाने के बाद मिलर को नया अनुबंध जिला विपणन अधिकारी के साथ करना होगा।

## खबर संक्षेप

### वाराणसी-दिल्ली के बीच खजुराहो के रास्ते नई उड़ान



**खजुराहो।** यूपी के वाराणसी और नयी दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान सेवा रविवार को शुरू हो गई। यह उड़ान मप्र के खजुराहो के रास्ते संचालित होगी। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने बताया कि इस सेवा से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पहली उड़ान में 44 पर्यटक खजुराहो आए, जबकि 52 यहां से रवाना हुए।

### यात्रियों से भरी डेमू ट्रेन के इंजन में आग



**इंदौर।** मप्र के रतलाम जिले में यात्रियों से भरी डेमू ट्रेन के इंजन में आग लग गई। आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से रतलाम के लिए रवाना हुई डेमू ट्रेन के इंजन में रुणीजा और नौगांव के बीच शाम साढ़े पांच बजे के आस-पास आग लगी। दैनिक यात्री ट्रेन में लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

### बाल सुधार गृह से फरार हुए आठ कैदी




**मऊ।** यूपी के मऊ जिले में एक राजकीय बाल सुरक्षा गृह से आठ कैदी फरार हो जाने से हड़कंप मच गया। उनमें से छह कैदियों को पकड़ लिया गया है, बाकी दो कैदियों की तलाश की जा रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह से रसोई के रास्ते आठ किशोर कैदी भाग गए थे। उनमें से छह कैदियों को अभी तक पकड़ लिया गया है जबकि दो अन्य कैदियों की तलाश की जा रही है।

### बीआरएस नेता के रिश्तेदार के फार्म हाउस पर छापेमारी



**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने भारत राष्ट्र समिति नेता के कथित रिश्तेदार के फार्महाउस पर छापेमारी कर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ कोकीन का सेवन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई वहां आयोजित पार्टी में व्यक्ति की जांच रिपोर्ट पॉजिटीव आने पर की गई। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने मामले की विस्तृत जांच की मांग की।

### दो बाइक सवारों ने घर पर की गोलीबारी



**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में मोटर साइकिल सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एक घर पर गोलीबारी की। पुलिस को शनिवार सुबह करीब 8.40 बजे रानी बाग इलाके में हुई इस घटना के बारे में सूचना मिली। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फोन कॉल की घटना की पुष्टि की गई और शिकायतकर्ता से विवरण लिया गया।

## सोशल मीडिया के जरिए फैलाई जा रही अफवाह, यात्री हो रहे परेशान

# 50 उड़ानों को बम की धमकी, 14 दिन में आए 350 से अधिक मेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे कम से कम 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं। 'अकासा एअर' ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला और गहन निरीक्षण के बाद सभी विमानों के परिचालन की अनुमति दी गई। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो को 18 उड़ानों और विस्तारा को 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में रविवार को बेंगलुरु से गोरखपुर होते हुए दिल्ली जा रहे एक विमान में बम होने की सूचना मिली, लेकिन जांच में यह गलत पायी गयी। गोरखपुर हवाई अड्डे के निदेशक आर के पाराशर ने बताया कि बेंगलुरु से गोरखपुर होते हुए दिल्ली जा रहे अकासा एयर के विमान क्यूपी-1881 में बम होने की सूचना मिली थी। इसके मद्देनजर विमान के आगमन से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस, भारतीय वायु सेना, बम निरोधक दस्ता, दमकल और चिकित्सा दल मौके ⏭ शेष पेज 2 पर

*देशभर में विमानों में बम होने की धमकियां मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे कम से कम 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं।*

| कौन-कौन सी कंपनियां |
|---|
| अकासा एअर- 15 उड़ानें |
| इंडिगो- 18 उड़ानें |
| विस्तारा- 17 उड़ानें |

## विमानों के साथ अब होटलों को भी मिल रही बम की धमकियां

**यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी**

लगातार मिल रही विमानों में बम रखे जाने की धमकी के बीच यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामान करना पड़ रहा है। कई बार विमान में बैठने के बाद उन्हें उतरकर दोबारा से जांच प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा है तो कई बार धमकी मिलने पर सुरक्षा कारणों से फ्लाइट का रूट परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे उनका सफर लंबा और परेशानी भरा हो जाता है। नियमों के तहत अगर किसी विमान को उड़ान भरने से पहले धमकी मिलती है तो उसकी उड़ान सेवा को रोककर वहीं पर दोबारा से जांच की जाती है। अगर कोई विमान उड़ान भर चुका है और उनके बाद धमकी मिली है तो सबसे पहले सुनिश्चित किया जाता है कि उसकी लैंडिंग सुरक्षित स्थान पर हो। इसलिए कई बार मार्ग परिवर्तित कर दूसरे एयरपोर्ट पर उताना पड़ता है, जहां अलग से सुरक्षा जांच की जाती है।



### कुछ विमानों के मार्ग परिवर्तित

धमकी मिलने के बाद संबंधित विमानों की सुरक्षा जांच के लिए रोका गया। कुछ विमानों के मार्ग भी परिवर्तित किए गए। सभी विमानों की सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान भरने की इजाजत दी गई है। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### एक्शन में सरकार

विमानन कंपनियों को लगातार बम की धमकियां मिलने की पृष्ठभूमि में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से दायित्वों का पालन करने और सूचना तकनीकी (आईटी) नियमों के तहत सख्ती के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर गलत सूचना तक पहुंच को तुरंत हटाने या अक्षम करने के लिए कहा है।

### तिरुपति के होटलों को बम की झूठी धमकियां

तिरुपति। आंध्र प्रदेश पुलिस ने रविवार को बताया कि पिछले तीन दिन में तिरुपति शहर के करीब आधा दर्जन होटलों को बम रखे होने की झूठी धमकियां मिली हैं। तिरुपति के पुलिस अधीक्षक एल सुब्बारायडू ने कहा, हमें जब शिकायतें मिलीं तो हमने तुरंत कार्रवाई की और हमारी टीम ने गहन जांच की। लेकिन वे (नकली ईमेल धमकियां) फर्जी निकलीं। हम मामले दर्ज कर रहे हैं और इनकी जांच की जा रही है। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध शाखा की मदद से मामलों की जांच की जा रही है।

# जहरीले धुएं से दो श्रमिकों की मौत, सात अस्पताल में भर्ती



एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को एक कपड़ा फैक्ट्री में विषैले धुएं में सांस लेने के बाद दो श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शहर के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में देवी सिंथेटिक्स में हुई। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि मोहन सैनी ने बताया कि फैक्टरी में जब तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तब नौ श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया। उन्होंने बताया, पुलिस को पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे सूचना मिली कि नारोल की एक फैक्टरी में जहरीली गैस के रिसाव के कारण नौ लोग प्रभावित हुए हैं और उन्हें एलजी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की मौत हो गई।

**कपड़ा फैक्ट्री की हवा खराब**

### चार श्रमिक आईसीयू में भर्ती

सात श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है और उनका आईसीयू में इलाज किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छपाई और रंगाई के काम में इस्तेमाल होने वाले तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तभी आसपास के श्रमिक प्रभावित हुए।

### घटनास्थल पर पहुंचे अफसर

अधिकारी ने बताया कि पुलिस, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, औद्योगिक सुरक्षा और गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। सटीक कारण पता लगाने में जुट गई। औद्योगिक सुरक्षा और एफएसएल अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि फैक्टरी ने अनापत्ति प्रमाणपत्र आदि के संबंध में उचित प्रक्रियाओं का पालन किया है या नहीं और अधिकारियों से मिली रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेगी।

**राहत केंद्रों में कट रही जिंदगी**

# चक्रवात 'दाना' से ओडिशा में 35.95 लाख प्रभावित



एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

चक्रवात 'दाना' और उसके बाद 14 जिलों में आई बाढ़ के कारण ओडिशा में कुल 35.95 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। 8,10,896 लोगों को 6,210 चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है। ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने रविवार को बताया कि सबसे अधिक प्रभावित जिलों में केंद्रपाड़ा, बालासोर और भद्रक शामिल हैं। मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि चक्रवात के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।मंत्री ने कहा, रविवार सुबह 10:30 बजे तक, निकाले गए लोगों को 1,178 चक्रवात राहत केंद्रों में आश्रय दिया गया।

### 24 की बचाई जान

ओडिशा आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम ने भद्रक जिले के एक गांव में चक्रवात 'दाना' के कारण पानी भर जाने से फंसे कम से कम 24 व्यक्तियों को बचाया। ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल के कर्मियों ने तिहिडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताला गोपबिंधा गांव में शनिवार रात बचाव अभियान चलाया। बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित फंसे हुए लोगों को 'मोटर बोट' की मदद से बचाया गया और चक्रवात आश्रय स्थल ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ में छाए बादल, हुई बूंदाबांदी

छत्तीसगढ़ में भी मौसम बदल गया है। रविवार को राजधानी समेत कई इलाकों में बदली छाई रही, कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में तीन दिन तक मौसम के खराब रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग ने 28, 29 और 30 अक्टूबर को सरगुजा संभाग के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर जबकि बिलासपुर संभाग के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर और रायपुर संभाग के रायपुर, बलोदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद जिलों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने या हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

**सत्र न्यायालय ने सभी आरोपियों को किया था दोषमुक्त**

# पिता ने 11 साल तक मुकदमा लड़कर बेटे के दो हत्यारों को दिलाई उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सवारी उठाने के विवाद पर युवा बेटे एवं उसके साथी की निर्मम हत्या करने के आरोपियों को सत्र न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया था। इसके खिलाफ पिता ने हाईकोर्ट में 11 वर्ष तक मुकदमा लड़कर चार में से दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई है। रायपुर के पचपेड़ी नाका में 2 जनवरी 2011 को लाग्विन बार के पास एक गुट के लोगों ने दो लोगों की पिटाई कर दी थी। इसमें मनोज मिश्रा और कीर्ति चौबे की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने पाया कि सवारी लेने के विवाद पर आटो चालक संघ के अनिल ⏭ शेष पेज 2 पर



### मानव रक्त की पुष्टि

मृतक मनोज मिश्रा के पिता प्रभाशंकर मिश्रा ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की। अपील में बताया गया कि आरोपी अनिल देवांगन से चाकू और राजेश मित्रा से बेसबाल का बल्ला बरामद हुआ था। एफएसएल रिपोर्ट में पाया गया है कि इसमें मानव रक्त लगा हुआ था। गवाहों ने हथियारों की जब्ती अपने सामने होने की पुष्टि की। यह भी गवाहों ने बोला है कि हमारे सामने इन लोगों ने यह बात कही थी कि हमने मारा है। घटना का एक चश्मदीद गवाह भी था, इस पर ट्रायल कोर्ट ने खास ध्यान नहीं दिया।

### दो के खिलाफ नहीं मिला सबूत

हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि प्रत्यक्षदर्शी अजय ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनिल देवांगन एवं राजेश मित्रा ने मृतक कीर्ति चौबे एवं मनोज मिश्रा को बेसबाल बल्ला एवं चाकू से मारा है। हाईकोर्ट ने उसके बयान को स्वीकार करते हुए आरोपी ⏭ शेष पेज 2 पर

**हिमाचल में बड़ा हादसा**

# खाई में गिरी कार, किशोर समेत पांच की गई जान

एजेंसी ⏭ मंडी

हिमाचल प्रदेश में बरोट-घटादानी लिंक रोड पर एक कार के खाई में गिर जाने से 15 वर्षीय किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान गंगा सिंह (27), सागर (15), करम सिंह (33), गुलाब सिंह (33) और राजेश कुमार (23) के रूप में हुई है। ये सभी मंडी जिले के पधर तहसील के निवासी हैं। हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे बरोट-घटादानी लिंक रोड पर हुआ।



### सीएम ने दी राहत राशि

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो जाने पर शोक व्यक्त किया। पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिवारों को तत्काल राहत के रूप में 25-25 हजार रुपए दिए हैं।

## सेवानिवृत शिक्षिका डॉ. पुष्पा सिंह ने ओंकारेश्वर से लाकर तैयार किया पौधा

# छत पर खेती, 4 से 5 फीट की लौकी बनी खास

हफीज खान ⏭ राजनांदगांव

खास खबर

इच्छा शक्ति हो तो किसी भी असंभव कार्य को संभव किया जा सकता है। वातावरण के अनुकूल उसे अपना बनाया जा सकता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है शहर की सेवानिवृत शिक्षिका डॉ. पुष्पा सिंह ने। दरअसल उन्होंने अपने घर की छत पर बिना किसी जैविक या रासायनिक खाद ही लौकियों की फसल तैयार कर दिखाया है। उनके छत पर तैयार हो रही लौकियों की फसल कई मायनों में खास है। ओंकारेश्वर से लौकी लाकर राजनांदगांव में इसका बीज तैयार किया ⏭ शेष पेज 2 पर





### दो महीने में तैयार हो गई फसल

शिक्षिका डॉ पुष्पा सिंह ने बताया कि उन्होंने घर पर तैयार की गई इस बीज को अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में लगाया था और अक्टूबर माह के शुरुआती दोनों में ही लौकियों में फूल आने शुरू हो गए और लगभग दो महीने में लौकी तैयार हो गई।

### छत पर 1 दर्जन से अधिक लौकी

शिक्षिका डॉक्टर पुष्पा सिंह के छत पर लगभग एक दर्जन से अधिक लौकी लगी हुई है, जिनकी लंबाई 3 से 5 फीट तक नजर आ रही है। आम लौकियों के मुकाबले यह लौकी थोड़ी पतली है, लेकिन इनकी लंबाई इन्हें खास बना रही है।

### बिना किसी खाद तैयार हो गई फसल

ओंकारेश्वर से लौकी लाकर राजनांदगांव में इसका बीज तैयार करने के बाद इसके उत्पादन के लिए किसी भी प्रकार का खाद नहीं डाला गया है। बिना खाद के ही लौकी की बेल काफी घनी हो गई और छत पर पहुंच कर लौकिया भी इस बिल में फलने लगी। खास बात यह है कि छत तक जा रही बिल में सिर्फ छत पर ही लौकी की फसल है, जबकि नीचे लौकियों के फूल तक नहीं आए हैं। जिसको लेकर डॉ पुष्पा सिंह का कहना है कि इन लौकियों का ग्रोथ धूप की वजह से हो रहा है। छत पर काफी अच्छी धूप मिलती है जिसकी वजह से फल छत पर ही लग रहे हैं।

# सैकड़ों हिंदुओं को नौकरी से निकाला, शुरू किया 'लव ट्रैप'

## बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कट्टरपंथियों ने फैलाया प्रोपेगैंडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हुए राजनीतिक उथल पुथल के बीच हिंदुओं पर हमले काफी ज्यादा बढ़ गए। बांग्लादेशी हिंदुओं पर तरह-तरह के अत्याचार किए गए। मंदिरों को तोड़ा गया। हालांकि सीधे तौर पर अब ये हमले तो कम हो गए हैं, लेकिन कट्टरपंथी संगठन अभी भी हिंदुओं के साथ उत्पीड़न और भेदभाव करने से नहीं चूक रहे। राजनीतिक माहौल का फायदा उठाकर, ये संगठन हिंसा से लेकर सामाजिक बहिष्कार और बदनाम करने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।

- हिंदु पुरुषों पर लगाया जा रहा मुस्लिम महिलाओं को फंसा कर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप
- 252 पुलिस उप-निरीक्षकों बर्खास्त
- शिक्षा विभाग में कई प्रोफेसरों को नौकरी से निकाला




**बांग्लादेशी हिंदुओं पर बढ़े अत्याचार**

*बांग्लादेश में 5 अगस्त को शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से ही हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ गया। वहां नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ, जिसने कट्टरपंथी समूहों को काफी बल दिया।*

**इस्तीफा देने को मजबूर**

जानकारी के अनुसार, बांग्लादेश की चटगांव यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफेसर रोंतु दास को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। कट्टरपंथी ताकतों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। दास ने अपने इस्तीफे में उनके साथ हुए भेदभाव का जिक्र किया था। ये इस्तीफा पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हिंदुओं पर दबाव का ये दौर न केवल यूनिवर्सिटी और अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक है बल्कि अब पुलिस फोर्स में तैनात हिंदू कैडेटों तक फैल गया है।

**हिंदुओं से छीने जा रहे मौके**

हिंदू समुदाय का दावा है कि वैमनस्य का माहौल बन रहा है, जिसकी कीमत उन्हें अपनी नौकरियों और अन्य अवसरों पर चुकानी पड़ रही है। हालांकि, कट्टरपंथी समूहों का आरोप है कि पिछली शेख हसीना सरकार ने अपनी अवामी लीग पार्टी के करीबी लोगों को भर्ती में प्राथमिकता दी थी। अब, नई सरकार के आने के साथ, ये कट्टरपंथी कथित तौर पर व्यक्तियों, विशेषकर हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं।

## शेख हसीना के खिलाफ चलेगा हत्या का मामला



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अब वहां की एक अदालत ने पुलिस से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 23 अन्य के खिलाफ दर्ज हत्या के एक मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए अदालत ने पुलिस को 28 नवंबर तक समय दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद जियादुर रहमान ने 28 नवंबर तक जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। हत्या का यह मामला ढाका के मीरपुर में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत को लेकर दर्ज किया गया है।




### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विदेश मंत्री जयशंकर बोले

## सभी प्रोजेक्ट्स सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में नहीं आए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को विदेश मंत्री जयशंकर ने रविवार को कहा कि पिछले 10 सालों में सभी परियोजनाएं भाजपा शासित राज्यों में नहीं आई हैं। विदेश मंत्री ने निवेश को महाराष्ट्र से गुजरात ले जाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि निवेशकों का अपना हिसाब-किताब होता है और वे ऐसी राज्य सरकार का चुनाव करेंगे जो सक्षम और कुशल हो। जयशंकर ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कहा कि भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारा दुनिया में सबसे चर्चित कनेक्टिविटी गलियारा है और इसका मुख्य 'इंटरफेस' महाराष्ट्र में होगा। जयशंकर ने आगे कहा कि जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा।




## श्रीलंकाई ने 12 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबा।** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उनकी नौका भी जब्त कर ली है। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पाकिस्तान ने चीन से मांगा 1.4 अरब डॉलर कर्ज

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट में फंसे पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के आगे हाथ फैलाए हैं। पहले से ही कर्ज के बोझ से दबे पाकिस्तान ने अब चीन से 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर (10 अरब युआन) कर्ज का मांगा है। जबकि पाकिस्तान पर पहले से ही चीन का 4.3 अरब डॉलर (30 अरब युआन) का कर्ज है। रिपोर्ट के मुताबिक वॉशिंगटन में हुई आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में पाकिस्तान ने चीन से यह कर्ज मांगा है।

### एक बार ईंधन भरने के बाद 12 हजार किमी की दूरी तय करेगा महाशक्तिशाली बॉम्बर टीयू-160 एम

## रूस देगा भारत को बमवर्षक विमान



*संभावित कीमत 16.5 करोड डॉलर (करीब 13,70,86,64,794 रुपए) है*

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने एक बार फिर से दोस्त भारत को अपना भारी बमवर्षक विमान टीयू-160 एम और टीयू-160 'वॉइट स्वान' देने की पेशकश की है। डिफेंस मीडिया आउटलेट आईडीआरडब्ल्यू ने अपनी रिपोर्ट में इस बारे में जानकारी दी है। सोवियत काल में डिजाइन किए गए टीयू-22एम 3 को दो दशक पहले भारतीय नौसेना को ऑफर किया गया था, लेकिन महंगी कीमत और आधुनिकीकरण पर आने वाले खर्च के चलते डील फाइनल नहीं हो पाई थी।

**टीयू-160एम की खासियत**

- *यह बिना ईंधन भरे बिना रुके 12,000 किलोमीटर (7,500 मील) तक उड़ान भर सकता है*
- *यह चार आफ्टरबर्निंग टर्बोफैन इंजन द्वारा संचालित है*
- *इसकी अधिकतम गति 2,220 किलोमीटर प्रति घंटा है और यह 16,000 मीटर की ऊंचाई तक जाती है*
- *दूरदराज के इलाकों में परमाणु और पारंपरिक हथियारों से लक्ष्य पर हमला करने के लिए डिजाइन किया*
- *दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला सुपरसोनिक और सबसे भारी पेलोड ले जाने वाला बमवर्षक*



## खबर संक्षेप

### इस सप्ताह शेयर बाजार में कुछ और गिरावट संभव




**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा है कि मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में कुछ और गिरावट देखने को मिल सकती है।

### महिंद्रा होलिडेज का मुनाफा 46% घटकर 11.48 करोड़



**नई दिल्ली।** महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट इंडिया लिमिटेड का एकीकृत मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर तिमाही में 46.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11.48 करोड़ रुपये रहा। मुनाफे में गिरावट विदेशी मुद्रा में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के कारण हुई। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 21.43 करोड़ रुपये रहा था।

## उद्योग जगत ने कहा- त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन

# त्योहारी सत्र की मांग से उपकरण विनिर्माता उत्साहित, बिक्री में 30 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को इस वर्ष त्योहारी सीजन की बिक्री में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। प्रमुख ऑनलाइन खुदरा मंच फ्लिपकार्ट और अमेज़न के त्योहारी सेल आयोजन से दहाई अंक में वृद्धि हुई है तथा धनतेरस सप्ताह के दौरान ऑफलाइन माध्यमों से भी अंतिम समय में इसके जोर पकड़ने की उम्मीद है।

उद्योग जगत के लोगों ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन है, जहां उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। यहां तक कि उच्चस्तरीय कृत्रिम मेधा (एआई) और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं।

### आगे भी मांग जारी रहेगी

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, पैनासोनिक, सोनी, गोदरेज अप्लायंसेज और हायर जैसी कंपनियों ने ओणम त्योहार से ही त्योहारी बिक्री की अच्छी शुरुआत कर दी है और उम्मीद है कि यह गति लगभग 45 दिन की त्योहारी अवधि के शेष सप्ताह तक जारी रहेगी, जो दिवाली के बाद समाप्त होगी।



- फ्लिपकार्ट और अमेजन के त्योहारी सेल में दहाई अंक की वृद्धि
- धनतेरस सप्ताह के दौरान ऑफलाइन माध्यमों से जोर पकड़ने की उम्मीद

*ओणम की शुरूआत से करीब 40 फीसदी की वृद्धिः नंदी : नंदी ने कहा, "गोदरेज अप्लायंसेज में, हमने पिछले साल की तुलना में सितंबर में ओणम की शुरुआत से करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। अक्टूबर में दुर्गा पूजा/नवरात्रि और आगामी दिवाली त्योहार के संयोजन से अबतक करीब 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।"*

### पिछले साल से इस साल मांग अधिक : गोदरेज

नंदी ने कहा कि अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स मंचों पर त्योहारी सत्र की बिक्री के दौरान गोदरेज अप्लायंसेज ने कुल मिलाकर "पिछले साल की तुलना में 70 प्रतिशत से अधिक की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। पैनासोनिक इंडिया की ई-कॉमर्स के जरिये बिक्री वृद्धि दहाई अंक में है और नवरात्रि के दौरान इसमें 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई तथा उम्मीद है कि दिवाली तक यह गति जारी रहेगी।

### सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि : एलजी

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (घरेलू उपकरण) संजय चितकारा ने कहा, "सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि हुई है, खासकर बड़ी क्षमता वाली वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे प्रीमियम उत्पादों में। हम एआई और आईओटी प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों की अच्छी मांग देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस त्योहारी सीजन में छोटे दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है।

### अच्छे मानसून से मांग में आई तेजी : गोदरेज

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख कमल नंदी ने कहा कि अच्छे मानसून की वजह से इस त्योहारी सीजन में बाजार में तेजी आई है। इस सीजन में प्रीमियम यानी महंगे उत्पाद सबसे आगे रहे हैं। हालांकि, बड़े पैमाने पर उत्पाद खंड में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

### प्रीमियम उपकरणों की खपत तेज : पैनासोनिक

पैनासोनिक मार्केटिंग इंडिया के प्रबंध निदेशक फुमियासु फुजीमोरी ने कहा, "प्रीमियम उपकरणों की खपत में तेजी बनी हुई है। चाहे वह ऑफलाइन हो या ऑनलाइन, उपभोक्ता उच्च औसत बिक्री मूल्य के उत्पादों का विकल्प चुन रहे हैं।"

### बड़ी स्क्रीन वाले टीवी की मांग : सोनी

सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशक सुनील नय्यर ने कहा कि कंपनी में भी बड़ी स्क्रीन वाले, खासकर 55 इंच और उससे अधिक बड़ी स्क्रीन वाले टेलीविजन की मांग में तेजी देखी जा रही है। टीवी की 75 इंच और 85 स्क्रीन आकार में भी खासी मांग देखने को मिल रही है।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर का राजधानी में स्तन कैंसर पर जागरूकता बाइक रैली




**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर ने 'शर्म छोड़ो, गांठों पे बोलो' अभियान के तहत एक बाइक रैली का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अक्टूबर में विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह मनाया जाता है, जो इस बीमारी के लक्षणों और समय पर पहचान के महत्व पर जोर देता है।

रैली का शुभारंभ रायपुर के मरीन ड्राइव से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा, 'स्तन कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और उचित इलाज से इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।' बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने जानकारी दी कि भारत में हर दस में से एक महिला को स्तन कैंसर होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पहचान से उपचार संभव है और आधुनिक तकनीकों से स्तन-संरक्षण सर्जरी भी की जा सकती है। इस रैली में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन का समर्थन रहा।

### छत्तीसगढ़ का उभरता टेक जायंट, रायपुर से दुनिया के लिए नवाचार कर रहा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का रायपुर अब एक उभरते तकनीकी केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है, जहां स्थानीय सॉफ्टवेयर कंपनी मगुरे इंडस्ट्रीज। वैश्विक स्तर पर उन्नत डिजिटल समाधानों के साथ अपनी छाप छोड़ रही है। कंपनी ने स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान दिया है। हाल ही में, मगुरे ने दुबई सरकार के साथ मिलकर आईजेंट प्लेटफॉर्म लांच करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से रायपुर में विकसित किया गया है और इसकी घोषणा दुबई के उप प्रधानमंत्री द्वारा की गई। इस सहयोग ने रायपुर को वैश्विक टेक नवाचार में एक महत्वपूर्ण स्थान पर स्थापित किया है। मगुरे की पहचान अब अमेरिकी स्वास्थ्य देखभाल और खाद्य वितरण कंपनियों, साथ ही यूएस ओपन और विम्बलडन जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स तक फैली हुई है। कंपनी भारत सरकार के साथ भी निकटता से काम कर रही है, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहलों में अपने तकनीकी समाधान देकर योगदान दे रही है।

# रतन टाटा की जगह लेने दिए इंटरव्यू में नोएल नहीं हुए थे पास

- मार्च 2011 में रतन टाटा ने कई लोगों का लिया था साक्षात्कार
- 'रतन टाटा ए लाइफ' में लेखक थामस मैथ्यू ने कही यह बात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबे समय तक टाटा संस की अगुवाई करने वाले दिवंगत कारोबारी रतन टाटा को लगता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए और अधिक अनुभव की आवश्यकता है।

हाल ही में जारी एक किताब में यह बात कही गई। को हाल में रतन टाटा की मृत्यु के बाद टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया। यह ट्रस्ट अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के टाटा समूह को नियंत्रित करता है। मार्च, 2011 में जब रतन टाटा के उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया, तो उसमें नोएल टाटा भी शामिल थे।



### टाटा ने चयन समिति से दूर रहने का फैसला किया था

रतन टाटा ने उत्तराधिकारी को खोजने के लिए बनी चयन समिति से दूर रहने का फैसला किया था। रतन टाटा की जीवनी - 'रतन टाटा ए लाइफ' के अनुसार, बाद में उन्हें इस फैसले पर पछतावा हुआ। इस किताब को थॉमस मैथ्यू ने लिखा है और हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स ने प्रकाशित किया है। किताब में कहा गया कि रतन टाटा चयन समिति से इसलिए दूर रहे, क्योंकि टाटा समूह के भीतर से कई उम्मीदवार थे, और वह उन्हें यह भरोसा देना चाहते थे कि एक सामूहिक निकाय सर्वसम्मति से निर्णय के आधार पर उनमें से किसी एक की सिफारिश करेगा।

### त्योहारी सत्र में नौकरियों में 20% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** चालू त्योहारी सत्र में लॉजिस्टिक और परिचालन, ई-कॉमर्स तथा आतिथ्य क्षेत्र में नौकरियों की संख्या में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना डॉट कॉम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान कुल 2.16 लाख अवसर दर्ज हुए। इस साल का त्योहारी सत्र विशेष रूप से उन व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण था, जो उपभोक्ता खर्च में मंदी के बाद फिर से अपनी जगह बनाना चाहते थे। इसके अतिरिक्त तेजी से सामान पहुंचाने वाले त्वरित कॉमर्स उद्योग के विस्तार ने भी भर्ती में योगदान दिया। इस दौरान लॉजिस्टिक और परिचालन क्षेत्र में अवसर सालाना आधार पर 70 प्रतिशत बढ़ गए। दूसरी ओर खुदरा और ई-कॉमर्स में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि रेस्तरां और आतिथ्य क्षेत्र में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### भारत में 4जी, 5जी सेवाओं में अब भी काफी अवसर कायम




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वीडन की दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनी एरिक्सन को उम्मीद है कि भारत में अंतिम उपयोगकर्ता तक डेटा खपत बढ़ने से उसकी वृद्धि का अगला चरण नेटवर्क 'सघनीकरण' से आगे बढ़ेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।एरिक्सन के भारत में प्रबंध निदेशक और दक्षिण-पूर्व एशिया, ओसियाना और भारतीय बाजार क्षेत्र के लिए नेटवर्क प्रमुख नितिन बंसल ने बताया कि भारत में फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस में वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावना है, और तैनाती की संख्या के मामले में यह जल्द ही अमेरिका के आंकड़े को पार कर जाएगी।

*नेटवर्क का इस्तेमाल बढ़ने से नेटवर्क होगा सघन : बंसल ने कहा, "वृद्धि का अगला चरण मुख्य रूप से नेटवर्क उपयोग को बढ़ाने के लिए नेटवर्क सघनीकरण के माध्यम से बढ़ती 'ट्रैफिक' जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है।*

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट) ®
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रमं) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय - अधीक्षण यंत्री (नगर वृत्त-एक) नयापारा, रायपुर
वेबसाईट www.cseb.gov.in कार्यालय मेल आईडी secc.raipur@cseb.gov.in
फोन नं. 0771-2574800, 2574801 फैक्स नं. 0771-2574805

### आवश्यक सूचना

विद्युत कंपनी की ओर से सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को **दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं** देती है। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व पर विद्युत की शिकायत को दूर करने हेतु **दिनांक 29.10.2024 से .31.10.2024. तक सायं 04:00 बजे से 12:00 बजे तक** रायपुर (शहर वृत्त-एक) के विभिन्न स्थलों पर अस्थाई शिकायत केन्द्र स्थापित किये गये है। पूर्व स्थायी शिकायत केन्द्र यथावत् रहेंगे, जिसमें उपभोक्तागण अपनी शिकायत दर्ज कर शिकायत का त्वरित निराकरण पा सकते है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी सम्माननीय उपभोक्ताओं से निवेदन करता है कि विद्युत खम्भों एवं ट्रांसफार्मर के आजू-बाजू या आस-पास और विद्युत तारों के नीचे पटाखें न जलावे, ताकि अप्रिय घटना न घटे।

| क्र | शिकायत केन्द्र का नाम | दूरभाष क्रमांक | मोबाईल क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | सेन्ट्रल कॉल सेन्टर, रायपुर | 1912, 0771-2576010 | |
| | **नगर संभाग दक्षिण, रायपुर** | | |
| 1 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरेना | 2576596 2576677 | 7400620700 7828167334 |
| 2 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र राजेन्द्र नगर | 2574778 | 9754963960, 9993726660 |
| 3 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र डेयरी कॉलेज | 2576708 | 8103916727, 9399905417 |
| 4 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अमलीडीह | | 6266870086, 7898464535 |
| 5 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हिमालयन हाईट | 2972606 | 6269753736 |
| 6 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवपुरी | 2972548 | 9770966744 |
| 7 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लांभांडी | | 8305388511 |
| 8 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र लालपुर | | 9165007309 |
| 9 | रावणभाटा जोन शिकायत केन्द्र | 2576338 | 6269753733 |
| 10 | शारदा फ्यूल, बोरिया रोड, मोतीनगर | | 9340342538, 7047249999 |
| 11 | 33/11 के.व्ही. डूमरतराई | | 9644238844 |
| 12 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ढेबरसिटी | | 7999904420 |
| 13 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भाठागांव | | 8889935505 |
| 14 | 33/11 के.व्ही. स्वागत विहार उपकेन्द्र | | 9669113535 |
| 16 | 33/11 केवी कृषि महाविद्यालय | 2972579 | 9669719330 9926235227 |
| 17 | 33/11 केवी मेडिकल काम्प्लेक्स | | 9340965882 |
| 18 | 33/11 केवी आम्रपाली | | 6268947248 |
| 19 | 33/11 केवी मठपुरैना | | 9893304548 |
| 20 | 33/11 केवी मठपुरैना | | 7067079211 |
| 21 | 33/11 के.व्ही पुलिस कॉलोनी | | 8770861463 9926531361 |
| | **नगर संभाग मध्य, रायपुर** | | |
| 22 | नयापारा शिकायत केन्द्र | 2574798 | 9171877830, 9171877818 |
| 23 | गंज शिकायत केन्द्र | 2574797 | 6269753669, 9171877827 |
| 24 | जवाहर नगर अजंता इलेक्ट्रिकल | 9171877831 | 8319197864 |
| 25 | बुढ़ापारा शिकायत केन्द्र | 2574774 | 9171877895 |
| 26 | जयस्तंभ चौक, सुरेष ब्रदर्स के पास | 9171877890 | 9329808221 |
| 27 | शास्त्री बाजार | 9171877869 | 7089090470 |
| 28 | शैलेन्द्र नगर, गौरी शंकर अग्रवाल | 9171877879 | 9171877870 |
| 29 | गोपीचंदानी, कटोरा तालाब | 9171877876 | 9644355151 |
| 30 | शास्त्री चौक जोन कार्यालय | 0771-2574773 | 6269753674 |
| 31 | फाफाडीह होटल सुहाग | 8269704342 | 9644741738 |
| 32 | 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र, पंडरी कपड़ा मार्केट | 6269753660 | 9754121278 |
| 33 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवेन्द्र नगर | 9993968480 | 7828635400 |
| 34 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मंडी | 6269753661 | 7049751549 |
| 35 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुलिस लाईन | 9171877217 | 7024412230 |
| 36 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मेडीकल कॉलेज | 6269753662 | 7223899130, 9617905946 |
| 37 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आई.ए.एस. कॉलोनी | 6269753659 | 9171877857, 9171877904 |
| 38 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुराना मंत्रालय | 6269753664 | 9171877872, 7987268866 |
| 39 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नगर निगम | 6269753665 | 9171877908 |
| 40 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र शैलेन्द्र नगर | 9827162429 | |
| 41 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स | 9407761124 | 9993233552 |
| 42 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रजबंधा | 6269753663 | 9171877215, 9754398554 |
| 43 | तात्यापारा, जनता किराया भंडार | 9171877817 | 7509749183 |
| 44 | श्याम टॉकीज गणेश मंदिर | 9171877838 | 8839114077 |
| | **नगर संभाग पश्चिम, रायपुर** | | |
| 45 | लाखेनगर शिकायत केन्द्र | 2574799 | 7869310666,9630737441, 9171879058 |
| 46 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र डंगनिया | 6269753685, 6269753679 | 9171879042,9171879014 ,9399542538 |
| 47 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रावणभाटा | 6269753696 | 9926848557, |
| 48 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र समता कॉलोनी | 6269753694 | 9893133487, |
| 49 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दीनदयाल उ. नगर | 6269753686 | 9171879083, 9171876944 |
| 50 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र राजकुमार कॉलेज | 6269753688 | 9171879063 |
| 51 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र एन.आई. टी. कॉलेज | 6269753692 | 9171879055 |
| 52 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चंगोराभाटा | 6269753680 | 8319632776, |
| 53 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आर.डी.ए. सरोना | 6269753682 | 9171876945, 9171876945 9171879043 |
| 54 | सी.एस.आई.डी.सी. रायपुरा ट्रांसफार्मर | | 9171879041, 6264952307 |
| 55 | चंगोराभाटा बाजार चैक ट्रांसफार्मर | | 9171879037, 9630962669 |
| 56 | जागृति स्कूल भाठागांव (वालफोर्ट उपकेन्द्र) | 6269753684 | 9171879040, 7999228954 |
| 57 | टिकरापारा सिद्धार्थ चौक, यू.जी. संभरकर का मकान | | 9171879074,9171879011 |
| 58 | टिकरापारा शिकायत केन्द्र | 6269753708 | 9171879079, 9171876942 9171879066 |
| | प्रोफेसर कॉलोनी सत्ती मंदिर ट्रांसफार्मर | | 9171879071, 9171879080, |
| 59 | कुशालपुर तरूण बाजार | | 9285564756, 9171879077 6260848778 |
| 60 | चौबे कॉलोनी प्रगति कॉलेज चौक | | 9171879057, 9039742317 |
| 61 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रायपुरा | 6269753681 | 9171879044, 9171877804 |
| 62 | रोहिणीपुरम गोल चौक | | 9171879017, 9171879048,9479003029 |
| 63 | मठपारा उपकेन्द्र | 6269753695 | 9171879072, |
| 64 | सुंदर नगर चौक | | 9827164620, 8966052321 |
| 65 | डूमर तालाब थाना के पास | | 8818852722, 9171879031 |
| 66 | नूतन राईस मिल | 6269753693 | 9171879056 |
| 67 | हिन्द स्पोर्टिंग उपकेन्द्र | 6269753690 | 9171879050, |
| | **नगर संभाग पूर्व, रायपुर** | | |
| 68 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सिविल लाईन | 2576619 | 9171879169, 9827488915, 9171879170 |
| 69 | सिविल लाईन एफओसी सेन्टर | 2426020 | 9171879130 |
| 70 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शांतिनगर | 2574060 | 9098345289 |
| 71 | छत्तीसगढ क्लब | | 9179513054 |
| 72 | सुधार कार्य सिविल लाईन एफओसी | | 9171879127 |
| 73 | तारूभाई चौक श्यामनगर | | 7999254488 |
| 74 | राजधानी आटो तेलीबांधा | | 9329029676 |
| 75 | नूरानी चौक राजा तालाब | | 9993894227 |
| 76 | शंकर नगर जोन | 2574301 | 9171877151 |
| 77 | बस स्टेण्ड शंकर नगर | | 9171879161 |
| 78 | विजय सिलीकेट माता गैरेज के पीछे पण्डरी | | 8109006033 |
| 79 | डॉ. वाधवानी, कटोरा तालाब | | 9770274043 |
| 80 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अवंती विहार | | 7974401100 |
| 81 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र जीवन विहार | 2574787 | 8815666106 |
| 82 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शंकर नगर | 2574777 | 9171879168, 9171879172 |
| 83 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र रहेजा नगर | | 9753257424 |
| 84 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र पण्डरी तराई | | 7987571448, 7879069054 |
| 85 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र दलदल सिवनी | | 9977149729 |
| 86 | मोवा थाना | | 9171879207 |
| 87 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सड्डू | | 6261482928 |
| 88 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र व्हीआईपी मोवा | | 7000521046 |
| 89 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र आमासिवनी | | 6262048816 |
| 90 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कचना | | 8839678168 |
| 91 | 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अशोकारतन | | 7400858052 |
| 92 | 33/11 केव्ही दलदल सिवनी -2 | | 7694929693 |
| 93 | 33/11 केव्ही राजधानी विहार | | 6265651103 |
| 94 | 33/11 केव्ही सफायर ग्रीन उपकेन्द्र | | 9753877102 |
| 95 | 33/11 केव्ही स्वर्णभूमि उपकेन्द्र | | 8305059870 |
| 96 | दलदल सिवनी जोन | | 9171877145 |
| 97 | दलदल सिवनी एफओसी सेन्टर | | 7049644782 |
| 98 | दलदल सिवनी एफओसी वाहन | | 9171879207 |
| 99 | कचना एफओसी सेन्टर | | 9171879167 |
| 100 | कचना एफओसी वाहन | | 9171879167 |
| 101 | 33/11 केव्ही सुमित सिटी उपकेन्द्र | | 9691035090, 7694929693 |

**विषेश अनुरोधः कृपया बकाया बिजली बिल का भुगतान तुरंत कर दीपावली पर्व पर रोशनी की अनवरत् सुविधा से वंचित होने से बचें।**

सही/-
(डॉ.-इंजी. मनोज वर्मा)
अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त-1) छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. रायपुर

सं-

## ला लिगा : रॉबर्ट लेवानडोवस्की ने दागे दो गोल

# बार्सिलोना की 4-0 से धमाकेदार जीत रियल की 42 मैचों के बाद पहली हार

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

रॉबर्ट लेवानडोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार रात को यहां रियल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लिगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। टीम 2017-18 में बनाए बार्सिलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लिगा में यह पहली हार है।

पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवांदोवस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो गोल दागकर बार्सीलोना को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सिलोना की आसान जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में विलारियल ने वेलाडेलिड को 2-1 से हराया जबकि रेयो वालेकानो और लास पालमास ने एल्वेस और गिरोना को 1-0 के समान अंतर से शिकस्त दी।



### तीन सेकंड के भीतर ब्राजीलियन खिलाड़ी को लाल कार्ड



साओ पाउलो। ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## बेलोन डी'ओर आज : रोनाल्डो मेसी पहली बार दावेदार नहीं

मैनचेस्टर। वैश्विक फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिए जाने वाले पुरस्कार 'बेलोन डी'ओर' का आयोजन जब सोमवार को होगा। पिछले कई वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जबकि इस खेल के दो सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी दावेदारों में शामिल नहीं होंगे। अर्जेंटीना के मेसी और रोनाल्डो पिछले 16 बरस में 13 बार इस खिताब के विजेता रहे हैं लेकिन इस बार इन दोनों को नामांकन नहीं मिला है। मेसी उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने इस खिताब को लगातार दो साल जीता है। उन्होंने 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के बाद अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आठवीं बार इसे जीता था। इस खिताब को लेकर मेसी और रोनाल्डो के दबदबे को इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस के महान जिनेडिन जिडान सिर्फ एक बार इसके विजेता बने। रोनाल्डिन्हो, रिवाल्डो, लुइस फिगो और जॉर्ज बेस्ट के लिए भी यही बात लागू होती है।बोलोन डी'ओर फ्रांस की फुटबॉल पत्रिका द्वारा 1956 से दिया जाता है। फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 देशों के पत्रकारों के मतदान से इसके विजेता का चयन होता है।

### विनीसियस सबसे बड़े दावेदार

इस बार के खिताब के लिए विनीसियस जूनियर को सबसे बड़ा दावेदार माना जा रहा है। मेसी और रोनाल्डो का दबदबा ऐसा था कि विनीसियस के पास इस सदी में पैदा होने वाले पहले विजेता बनने का मौका होगा। इस खिताब को 1990 के दशक में पैदा हुए किसी खिलाड़ी ने भी नहीं जीता है। विनीसियस के साथ रोड्री, किलियान एमबापे, एर्लिंग हैलैंड, जुड बेलिंगहैम और लैमिन यमाल भी खिताब की दौड़ में होंगे।

रणजी ट्रॉफी

## जम्मू कश्मीर ने सेना को पारी के अंतर से हराया



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर के छह विकेट की मदद से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में रविवार को यहां सेना को पारी और 25 रन से हराया। जम्मू कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 228 रन बनाकर 157 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में केवल 71 रन बनाने वाली सेना की टीम दूसरी पारी में 132 रन पर आउट हो गई। मीर ने 53 रन देकर छह विकेट लिए। सेना की तरफ से केवल शुभम रोहिल्ला (47), जयंत गोयत (27) और अरुण कुमार (20) ही दोहरे अंक तक पहुंचने में सफल रहे। अगरतला में गत चैंपियन मुंबई ने निचले क्रम के बल्लेबाजों शम्स मुलानी (71), हिमांशु सिंह (59) और शार्दुल ठाकुर (62) के अर्धशतकों की मदद से त्रिपुरा के खिलाफ अपनी पहली पारी में 450 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

### क्रुणाल, शिवालिक, विष्णु शतक से चूके

वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में क्रुणाल पंड्या ने नाबाद 88 रन बनाए, जबकि शिवालिक शर्मा (96) और शिवालिक सोलंकी (98) शतक से चूक गए, लेकिन इन तीनों के शानदार प्रदर्शन से अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे बड़ौदा ने ओडिशा के खिलाफ अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 354 रन बनाए। बड़ौदा ने इस तरह से 161 रन की बढ़त हासिल कर ली है। ओडिशा की टीम पहली पारी में 193 रन पर आउट हो गई थी।

## खबर संक्षेप



### मोदी ने कहा, एरिगेसी अभूतपूर्व खिलाड़ी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को 'अभूतपूर्व उपलब्धि' बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई! यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।'

### कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं: डूल



पुणे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने टेस्ट श्रृंखला में भारत की हार के लिए उसके बल्लेबाजों की स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चुका हुआ मानने से इनकार कर दिया। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के 13 विकेट की मदद से कीवी टीम ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

वनडे क्रिकेट

## लुईस के नाबाद शतक से जीता वेस्टइंडीज



एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया। लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी। रदरफोर्ड ने सिर्फ 26 गेंद में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

### दिल्ली की टीम 116 रन से पीछे



नई दिल्ली। दिल्ली की बल्ले से परेशानी का सिलसिला फिर जारी रहा जिससे रविवार को यहां असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में यश ढुल और हिम्मत सिंह जैसे बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में विफल रहे जिससे स्टंप तक टीम का स्कोर छह विकेट पर 214 रन रहा। असम ने सुबह छह विकेट पर 264 रन से खेलना शुरू किया और पारी 330 रन पर समाप्त की। विकेटकीपर सुमित घड़ीगांवकर ने 237 गेंद में 162 रन बनाए। स्टंप तक दिल्ली का स्कोर छह विकेट पर 214 रन था जिससे वह असम से पहली पारी के आधार पर 116 रन से पीछे थी। पहली बार टेस्ट टीम में शामिल हुए राणा ने 19.3 ओवर में 80 रन देकर पांच विकेट झटके।



### अरमान ने जीती इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप

नई दिल्ली। भारत के अरमान भाटिया ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल मैच में अमेरिका के डस्टी बॉयर को हराकर पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप में पुरुष प्रो एकल का खिताब जीता। भाटिया ने करीबी मुकाबले में 8-11, 11-9, 11-8 से जीत दर्ज की। भाटिया की जीत भारतीय पिकलबॉल समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पूरे टूर्नामेंट में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन ने देश के शीर्ष खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत कर दी है। पिकलबॉल विश्व रैंकिंग (पीडब्लूआर) नयी दिल्ली में पीडब्लूआर 700 स्तर के टूर्नामेंट पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स की मेजबानी कर रहा है। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को 700 रैंकिंग अंक अर्जित करने में मदद करेगा, जो 52 सप्ताह के लिए वैध है। इसमें मिलने वाले रैंकिंग अंक खिलाड़ियों के वैश्विक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उनकी वरीयता और पात्रता को बेहतर करेंगे।

## भारत ने जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीते 24 पदक

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

शिवराजन सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते।

शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार मुथुसामी के साथ मिलकर खिताब जीता। सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरूण को 21-12, 21-10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले। पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन जोड़ी के खिलाफ 5-21, 22-20, 16-21 की हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



### बेन्सन और रीना ने जीती कोच्चि मैराथन



कोच्चि। केरल के सीबी बेन्सन और रीना मनोहर ने रविवार को यहां कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। बेन्सन ने 42.2 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे 42 सेकंड में तय की। पिछले दो अवसरों पर वह दूसरे स्थान पर रहे थे। जस्टिन (03:06:56) और श्रीनिधि श्रीकुमार (03:08:49) ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं में रीना ने 04:50:06 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। मैरी जोशी (04:53:59) और निलीना बाबू (04:54:32) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर हैं जो मैराथन के दौरान प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए यहां उपस्थित थे।

### झेंग बनीं टोरे पैन चैंपियन...



टोक्यो। चीन की शीर्ष वरीय किनवेन झेंग ने रविवार को यहां अमेरिका की वाइल्डकार्डधारी सोफिया केनिन को 7-6 (5), 6-3 से हराकर टोरे पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले डब्लूटीए फाइनल्स में जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर एक घंटे 52 मिनट में मिली जीत के दौरान 16 ऐस लगाए और सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। इस साल यह 22 वर्षीय झेंग का तीसरा खिताब है और पिछले साल हांग्झोउ में जीतने के बाद हार्डकोर्ट पर यह उनका पहला खिताब है। डब्लूटीए फाइनल दो नवंबर को सऊदी अरब के रियाद में शुरू होगा।

## न्यूजीलैंड महिला टीम ने भारत को 76 रन से हराया

अहमदाबाद। कप्तान सोफी डिवाइन के हरफनमौला खेल से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला एकदिवसीय में रविवार को यहां भारत को 76 रन से शिकस्त देकर शानदार वापसी की। डिवाइन ने 86 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेलने के बाद 27 रन पर तीन विकेट भी चटकाए। भारत के लिए राधा यादव ने चार विकेट लेने के बाद 48 रन बनाए लेकिन उनका प्रयास टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 259 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 47.1ओवर में 183 रन पर समेट कर श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया। श्रृंखला तीसरा और निर्णायक मैच मंगलवार को खेला जाएगा।






## बोर्ड ने रिजवान को सौंपी नई जिम्मेदारी

# रिजवान बने पाकिस्तान के वनडे-टी20 टीम के कप्तान

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान टीम के वनडे और टी20 टीम के नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। बोर्ड ने मोहम्मद रिजवान को सफेद गेंद प्रारूप का नया कप्तान नियुक्त किया है। वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

बता दें कि, टी20 विश्व कप 2024 में खराब प्रदर्शन के बाद बाबर आजम ने पाकिस्तान की वनडे और टी20 की कप्तानी छोड़ दी थी। अब बोर्ड ने रिजवान को नई जिम्मेदारी सौंपी है। वह पहली बार पाकिस्तान की वनडे और टी20 टीम के कप्तान बनाए गए हैं।




### बाबर, शाहीन और नसीम की वापसी


रविवार को बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम का भी ऐलान किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को भी शामिल किया गया है। तीनों को इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों से बाहर कर दिया गया था। मालूम हो कि, रिजवान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में नजर आएंगे। इसके अलावा जिम्बाब्वे दौरे पर वह सिर्फ वनडे सीरीज में नजर आएंगे, टी20 सीरीज के लिए उन्हें आराम दिया गया है।

### केंद्रीय अनुबंधः शाहीन खिसके फखर, इफ्तिखार, मीर बाहर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को ए वर्ग से हटाकर बी वर्ग में खिसका दिया जबकि सीनियर खिलाड़ियों फखर जमां, इफ्तिखार अहमद और ओसामा मीर को अनुबंध नहीं दिया। बोर्ड ने कुल 25 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिए हैं जबकि पिछले साल 27 खिलाड़ियों को अनुबंध पेश किया था। पिछले साल की तरह पीसीबी ने तीन महीने के बाद अनुबंध की घोषणा की।

#### केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी

- ए वर्ग (2): बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान
- बी वर्ग (3): नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी और शान मसूद
- सी वर्ग (9): अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, नोमान अली, सैम अयूब, साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शादाब खान
डी वर्ग (11): आमिर जमाल, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मुहम्मद इरफान खान, मोहम्मद वसीम जूनियर और उस्मान खान।




# पेरू में है नई-नवेली दुल्हन जैसा दिखने वाला झरना, देखने के लिए उमड़ती है भीड़



हमारी धरती पर कई ऐसे प्राकृतिक अजूबे मौजूद हैं, जिनकी सुंदरता देखते ही बनती है। इन प्राकृतिक नजारों को देखकर मन मोहित हो जाता है और खुशी की अनुभूति होने लगती है। पृथ्वी का ऐसा ही एक खूबसूरत नगीना दक्षिण अमेरिका के पेरू में छिपा हुआ है। यहां पर एक बेहद सुंदर झरना बहता है, जो हू-ब-हू किसी नई-नवेली दुल्हन जैसा दिखता है। आइए इस अविश्वसनीय झरने के बारे में विस्तार से जानते हैं।

## 'दुल्हन का झरना' नाम से मशहूर

यह सुंदर झरना उत्तरी पेरू के कजामार्का में स्थित है, जिसे 'दुल्हन का झरना' भी कहा जाता है। इस झरने की खासियत यह है कि यह किसी ईसाई दुल्हन की तरह दिखता है। झरने को देखने पर ऐसा लगता है, मानो किसी खूबसूरत दुल्हन ने शादी का गाउन पहना हो और सिर पर घूंघट किया हो। इस झरने के वीडियो कई बार सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, लेकिन यह हर बार लोगों को अचंभित कर देता है।

**वीडियो कई दफा हुआ है वायरल :** इस झरने के कई वीडियो ट्विटर समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अक्सर वायरल हुआ करते हैं। इन वीडियो को देखकर पर्यटक अपनी आखों पर विश्वास नहीं कर पाते और इसकी ओर आकर्षित होकर पेरू की यात्रा पर निकल पड़ते हैं।

## 55 फुट लंबा है यह सुंदर झरना

इस झरने की कुल लंबाई 55 फुट है और यह दुल्हन के शरीर का भ्रम बनाता है। इस झरने का पानी बेहद साफ और सफेद है, जो कई सालों से एक ही तरह से बहता आ रहा है। चट्टानों के बीच बहते हुए पानी को देखकर प्रतीत होता है कि कोई नई-नवेली दुल्हन शादी का जोड़ा पहनकर खड़ी है और मुड़कर पीछे देख रही है।

## दुनियाभर में कई स्थानों पर मौजूद हैं ऐसे झरने

यह अपनी तरह का इकलौता अविश्वसनीय झरना नहीं है। दुल्हन की तरह दिखने वाले कई अन्य झरने भी दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद हैं। इससे साबित होता है कि यह मृगतृष्णा एक बेहद आम घटना है, जिसके कारण कई स्थानों पर ऐसा प्रतीक हो सकता है। ऐसे झरने कैलिफोर्निया, कोलंबिया, न्यूयॉर्क, कोलोराडो और दक्षिण अफ्रीका में भी बहते हैं। इन सभी को दुल्हन या दुल्हन के घूंघट वाले झरनों के नाम से जाना जाता है।

दुनिया में लोगों की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके कारण प्राकृतिक संसाधन भी प्रभावित होते हैं। ऐसे में सभी देश अपनी जनसंख्या कम करने के लिए तरह-तरह के प्रयास करते रहते हैं। हालांकि, जापान में एक ऐसा गांव मौजूद है, जो सालों से कम आबादी की परेशानी से जूझ रहा है। इसके कारण लोग अकेलापन महसूस करते हैं, जिससे बचने के लिए गांव में मानवों जैसी कद-काठी वाली कई गुड़िया बनाई जाती हैं।



# कम आबादी से जूझ रहे जापानी गांव में हजारों गुड़िया दूर करती हैं अकेलापन

**नई दिल्ली।** इस गांव का नाम है द हैमलेट ऑफ इचिनोनो। यहां पर केवल 60 लोग रहते हैं, जिनमें से एक बच्चा है और बाकी वयस्क या बुजुर्ग हैं। ये लोग अकेलेपन की भावना से परेशान रहते हैं और गांव को भरा-पूरा दिखाने के लिए लोगों जैसी दिखने वाली गुड़िया बनाते हैं। इन गुड़िया को रुई भरकर बनाया जाता है और उन्हें इंसानों जैसे कपड़े पहनाए जाते हैं। सभी गुड़िया ऐसे रखी जाती हैं, जैसे वे कोई काम कर रही हों।

## बच्चे चले गए बाहर, पेरेंट्स रह गए अकेले

यह गांव क्योटो नामक शहर से महज एक घंटे की दूरी पर स्थित है। यहां के सभी परिवारों ने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए क्योटो भेज दिया था, ताकि वे अपना भविष्य बना सकें और शादी कर सकें। हालांकि, इस नेक कदम के चलते सभी मां-बाप अकेले रह गए। अब उनके बच्चे बड़े शहरों में नौकरी करते हैं और गांव लौटकर आना पसंद नहीं करते हैं। गांव के लोग अपने बच्चों को हर दिन याद करते हैं।



## गुड़िया से भरा हुआ है एक और गांव

इचिनोनो गुड़िया से भरा इकलौता गांव नहीं है। जापान के नगारो गांव में भी हजारों गुड़िया मौजूद हैं। इस गांव को गुड़िया का गांव और बिजूका यानि स्केयरक्रो गांव भी कहते हैं। यहां महज 12 लोग रहते हैं, जो बुजुर्ग हैं। यहां की 74 वर्षीय त्सुकिमी अयानो ने गांव की घटती आबादी से दुखी होकर इसे गुड़िया से भर दिया है। वह गांव के हर कोने-कोने में गुड़िया रखती हैं, ताकि निवासियों को लोगों के बीच रहने की अनुभूति हो।



## इस गांव में लोगों से ज्यादा हैं गुड़िया की संख्या

इस गांव के अधिकतर लोग 65 साल से ज्यादा उम्र के हैं, जो अकेलेपन से दुखी हो चुके हैं। यहां रहने वाली 88 वर्षीय हिसायो यामाजाकी ने कहा, हमारे गांव में लोगों से ज्यादा तो गुड़िया मौजूद हैं। इस गांव के शासी निकाय के प्रमुख, 74 वर्षीय इचिरो सवेयामा कहते हैं, अगर गांव को ऐसे ही छोड़ दिया जाता है जैसा यह अभी है, तो यहां के लोग जल्द ही विलुप्त हो जाएंगे।

# दीवार पर टेप से चिपका हुआ केला होगा नीलाम, लगभग 8 करोड़ है अनुमानित कीमत


**नई दिल्ली।** कई लोगों के लिए केला एक मामूली सा फल होगा, लेकिन कहीं पर इसकी कीमत करोड़ों रुपये है। दरअसल, अगले महीने न्यूयॉर्क में दीवार पर चिपका एक केला नीलाम होगा, जिसके बिकने की अनुमानित कीमत 10 लाख डॉलर (8 करोड़ से ज्यादा रुपये) है। बता दें कि दीवार पर टेप से



चिपका केला इटली के कलाकार मौरिजियो कैटेलन की 'केला आर्ट' है, जिसे उन्होंने 'कॉमेडियन' नाम दिया है। मौरिजियो की 'केला आर्ट' की नीलामी सोथबी नीलामी घर द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। सोथबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नीलामी से पहले 28 अक्टूबर को इस आर्ट की प्रदर्शनी होगी। नीलामी घर के समकालीन कला के प्रमुख डेविड गैल्परिन ने कहा कि कॉमेडियन मौरिजियो के सबसे प्रतिष्ठित कार्यों में से एक है, जिस कारण इसका मूल्य इतना है।

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371




VENUE benefits up to ₹80 629*
EXTER benefits up to ₹42 972*
i20 benefits up to ₹55 000*
Grand i10 NIOS benefits up to ₹58 000*

^^VENUE accessory package worth ₹ 21 628 can be availed on payment of ₹ 5 999. EXTER accessory package worth ₹ 17 971 can be availed on payment of ₹ 4 999.
##Additional scrappage bonus available against valid certificate of deposit. #Special benefits for CSD and KPKB customers.

HYUNDAI

Hyundai Click to Buy Scan here | 3 YEAR Unlimited** Kilometer Warranty | UPTO 7 YEARS Extended Warranty^ | 3 YEARS Road Side Assistance (RSA)*** | 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package~ | 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package~ | Hy-CNG Duo

**For Information Contact: Toll Free: 1800114645, Raipur:** Shankara Hyundai, Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501. **Bhatagaon:** Shankara Hyundai Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512. **Raipur:** Mangalam Hyundai, Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480. **Raipur:** Shivnath Hyundai, GE Road, Tatibandh Mob. 8269831021, 9981991744, 9685045126, 9285008566. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843. **Rajnandgaon:** 9755092026. **Bhilai:** Shivnath Hyundai, Shivnath Commercial Complex, GE Road, Supela, Mob. 0788 6685555, 7049917535, 7049917534, **Durg:** 9981991789, **Rajnandgaon:** 9755092026. **Balod:** Shankara Hyundai Durg Road, Jhalmala Balod Mob. 6262000545. **Kawardha:** Mangalam Hyundai Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 7880118235. **Jagdalpur:** Shivnath Hyundai Semi Urban Industrial Area, Nayamunda Road, Mob. 9981991862, 9685045125, 7440414615. **Kanker:** 7470777559.

my Hyundai app
Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car
Scan to chat with us or give a missed call at 9555295868

Terms & Conditions apply. *Scheme is applicable on select variants of Hyundai VENUE, Hyundai EXTER, Hyundai i20 & Hyundai Grand i10 NIOS cars purchased between 1st - 31st October 2024. ^^Accessories package will not be applicable for EXTER Knight, VENUE Knight, VENUE Adventure and Diesel variants. Payment for accessory package needs to be made to the dealer. Accessory packages need to be purchased as a whole, and if accessories parts are purchased independently, then offer will not be applicable. Cash discount can't be availed against this offer. Benefits mentioned include applicable cash, exchange and accessories package benefits. Benefits may vary with variants. **3-year warranty or upto 100 000 km whichever is earlier for Grand i10 NIOS, AURA, i20 & i20 N Line. 3-year unlimited km warranty is applicable for EXTER, VENUE, VENUE N Line, CRETA, CRETA N Line, ALCAZAR, TUCSON, VERNA and IONIQ 5. ^Upto 7 Years extended warranty is now available for all variants (Petrol/Diesel/CNG) except EV cars and subject to payment. ***3 years Roadside Assistance (with taxi support & introduction of 10th year retail program). ~For detailed T&C of Shield of Trust & Super, kindly visit Hyundai India website. This advertisement and car shown here is for creative representation purposes only and the depictions are for illustrative purposes. Features and specifications shown may vary or may not be a part of standard fitment and are subject to change without prior notice. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. The black shade on glasses are due to lighting effect. Size and colour may appear to vary due to lighting and position effect. Extended Warranty and Shield of Trust packages are on payable basis. For more details on warranty, please refer owners' manual. ##Scrappage bonus is applicable on select models subject to receipt of valid Certificate of Deposit issued by Govt. approved & operational vehicle scrappage center. #CSD: Canteen Stores Department, KPKB: Kendriya Police Kalyan Bhandar.
INNOCEAN—000/24
MAHESHWARI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com